

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 226 | ग्वालियर मंगलवार, 6 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज़ ट्रैक

### असम-अरुणाचल सीमा पर गोलीबारी, दो की मौत, तीन लापता,सीएम हिमंता ने बताया कौन करता है हमला



असम के धेमाजी जिले में सोमवार (5 जून) को अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास हुई कथित गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि घटना के बाद से तीन लोग लापता हैं. पुलिस अधीक्षक (स्क्) रंजन भुइयां ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्थानीय लोगों ने अंतरराज्यीय सीमा पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया था.रंजन भुइयां ने बताया कि इसकी तैयारियों के लिए सुबह सात ग्रामीण मौके पर गए थे, लेकिन वे कथित रूप से गोलीबारी की जद में आ गए और उनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने कहा कि तीन अन्य लोगों को भी गोलियां लगी थीं और उन्हें धेमाजी सदर अस्पताल ले जाया गया जहां एक और व्यक्ति की मौत हो गई.एसपी ने बताया कि तीन अन्य लापता हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है. उन्होंने कहा, ÷सूचना पाकर हमारी टीम तत्काल मौके पर पहुंची. हम घटना की जांच कर रहे हैं.÷ स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना को अरुणाचल प्रदेश के असामाजिक तत्वों ने अंजाम दिया है क्योंकि इलाके में अंतरराज्यीय सीमा को लेकर विवाद है.वहीं, असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा पर गोलीबारी की घटना पर असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, ÷दोनों राज्यों में सीमा निर्धारित करना अभी बाकी है. हमारे पड़ोसी राज्य हम पर हमला नहीं करते हैं, जमीन के लालच में कुछ लोग ऐसा करते हैं. पुलिस इसकी जांच कर उचित कार्रवाई करेगी. जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक मामले की जांच करेंगे.असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच 804 किलोमीटर लंबी सीमा है और दोनों पक्ष सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं. सीमा विवाद को सुलझाने के लिए 20 अप्रैल को दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सहमतिपत्र पर साइन किये थे.

### हमारी लड़ाई बृज भूषण के खिलाफ, सरकार से नहीं.., बोलीं पहलवान साक्षी मालिक- बना रहे आगे की रणनीति

पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ चल रहे आंदोलन से पीछे हटने की खबरों को खारिज किया है. पहलवान साक्षी मालिक और सत्यव्रत कादयान ने फेसबुक लाइव में कहा कि हमारी लड़ाई बृज भूषण के खिलाफ है, सरकार से



नहीं है. ये हम शुरुआत से बोल रहे हैं.ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि जब तक इंसाफ नहीं मिलता, लड़ते रहेंगे. समर्थकों से कहूंगी कि ऐसे ही समर्थन बनाए रखें, फेक न्यूज़ पर ध्यान न दें. हमारा आंदोलन जारी है. थोड़ा होल्ड इसलिए किया है क्योंकि हम प्लानिंग कर रहे हैं. जो फेक न्यूज चल रही थी उसे लेकर हम आज पूरे दिनभर मेंटली डिस्टर्ब रहे हैं. पूरा दिन सफाई देने में ही निकल गया. साक्षी मलिक के पति और पहलवान सत्यव्रत कादयान ने कहा कि हमारी लड़ाई बृज भूषण के खिलाफ है. रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष के खिलाफ है. हमारी रेसलिंग को साफ करने की लड़ाई है. नौकरी तो सरकार की है और हमारी लड़ाई सरकार से नहीं है. हमने सोचा सरकारी काम भी न रुके, तो उसको इतना नैगेटिव क्यों दिखाया गया, ये हमें नहीं पता. इससे पहले सोमवार को दिन में समाचार एजेंसी एएनआई ने पहलवान साक्षी मलिक को लेकर बताया था कि उन्होंने भारतीय रेलवे की अपनी नौकरी फिर से ज्वाइन कर ली है. इस खबर के सामने आने के बाद दावा किया जाने लगा था कि साक्षी मलिक ने पहलवानों के धरना-प्रदर्शन से खुद को अलग कर लिया है.

### नसमलैंगिक विवाह का किया विरोध, बैठक में मथुरा-काशी से जुड़े फैसलों पर जताई चिंता



ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में समलैंगिक विवाहका कड़ा विरोध किया गया. इस बैठक के बाद जारी किए प्रेसनोट में कहा गया कि मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की ये बैठक समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के हर प्रयास का कड़ा विरोध करती है और इसे देश और मानवता के लिए बेहद खतरनाक, घातक और हानिकारक मानती है. हमें खेद है कि समलैंगिक विवाह और पश्चिमी देशों में एलजीबीटी का अनैतिक और अश्लील आंदोलन अब हमारे देश को प्रभावित कर रहा है.इस बैठक में कहा गया कि इसने उस पश्चिमी देशों की परिवार व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकट पैदा कर दिया है. हमारा देश एक धार्मिक देश है और हर धर्म में इन अप्राकृतिक और अनैतिक संबंध का का विरोध किया है. इस मुद्दे पर इस्लाम का दृष्टिकोण बहुत साफ और स्पष्ट है. इस्लाम इसे अप्राकृतिक, अनैतिक और निषिद्ध मानता है और साथ ही इसे प्रजनन की प्राकृतिक प्रक्रिया के विपरीत और परिवारिक व्यवस्था को प्यस्त करने वाला समझता है. बोर्ड देश के सभी धर्म गुरुओं, समाज सुधारक, सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिजीवियों और राजनीतिक नेताओं से आह्वान करता है कि इस रुझान का कड़ा विरोध करें और इसे कानूनी औचित्य हासिल न करने दें.

# बीजेपी से नहीं कोई मतभेद, गृह मंत्री शाह से मीटिंग के बाद सीएम एकनाथ शिंदे बोले- साथ लड़ैंगे हर चुनाव

महाराष्ट के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कहा कि शिवसेना और बीजेपी के बीच कोई मतभेद नहीं है. उन्होंने कहा कि विपक्ष अफवाहें फैला रहा है, जिनके पास कोई काम नहीं है. सीएम शिंदे ने कहा कि शिवसेना और बीजेपी भविष्य में नगर निकाय चुनाव समेत सभी चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगी.सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना महाराष्ट में बीजेपी के साथ मिलकर सरकार में है. मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर यह भी बताया कि उन्होंने और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार (4 जून) रात दिल्ली में गृह मंत्री शाह से मुलाकात की.

**कैबिनेट विस्तार जल्द होगा–** मुख्यमंत्री शिंदे ने सोमवार को मुंबई में कहा कि ÷कल मैंने और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. हमारे बीच सहकारी क्षेत्र के अनेक विषय पर चर्चा हुई. कैबिनेट विस्तार पर भी चर्चा हुई, जल्द ही विस्तार होगा. चाहे स्थानीय निकाय चुनाव हो, लोकसभा या विधानसभा



चुनाव हो शिवसेना-बीजेपी मिलकर लड़ेगी क्योंकि हमारी विचारधारा एक है.मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह से मुलाकात के दौरान कृषि और सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि राज्य में लंबित कई परियोजनाओं पर अब काम शुरू हो चुका है और वे पूरी होने वाली हैं.

वे अफवाह फैला रहे हैं- सीएम बता दें कि शिंदे का यह बयान शिवसेना (शिंदे गुट) और बीजेपी के बीच गठबंधन में तनावपूर्ण खबरों के बीच आया है. सीएम शिंदे ने आगे कहा, ÷सीट बंटवारे को लेकर हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है. विपक्षी पार्टियों के पास कोई काम नहीं है. वे अफवाह फैला रहे हैं. हम इन बातों पर ध्यान नहीं देते हैं. अभी सीटों के बंटवारे पर चर्चा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि चुनाव अभी दूर हैं. चुनाव की घोषणा होने पर हम इस पर चर्चा करेंगेउन्होंने कहा, ÷अमित शाह के साथ बैठक में कैबिनेट विस्तार पर चर्चा हुई और यह जल्द होगा, कोई परेशानी नहीं है. हमाने बीच बहुत मजबूत गठबंधन है. हम पिछले 10 महीनों से बहुत मेहनत कर रहे हैं.÷

## साक्षी मलिक क्यों पहुंची थी रेलवे के ऑफिस? नौकरी ज्वाइन करने को लेकर कही ये बात

भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रही ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने सोमवार (05 जून) को उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया कि पहलवानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है.इससे पहले साक्षी मलिक को दिल्ली में नॉर्दन रेलवे के ऑफिस में भी देखा गया था. इसके बाद से अफवाहों का बाजार गर्म हो गया कि पहलवान प्रदर्शन छोड़ नौकरी पर जाने लगे हैं. समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए साक्षी कहती हैं, ÷ये सारी अफवाहें हैं, हमने आंदोलन को वापस नहीं लिया है. मैं एक दो दिन के लिए अपने ऑफिस इसलिए आई थी क्योंकि कुछ काम पेंडिंग पड़ा हुआ था. हम अपनी रणनीति बना रहे हैं. आगे क्या करना है और किस तरह से प्रदर्शन को आगे लेकर जाना है.÷ऑफिस आने की बात को आगे बढ़ाते हुए साक्षी ने कहा,



÷मेरे ऊपर बहुत सी जिम्मेदारियां हैं. जब तक हम धरने पर नहीं बैठ रहे हैं तब तक मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी है क्योंकि मैं एक ओएसडी हूं और मैं अपने ऑफिस में पेंडिग काम निपटाने के लिए आई हूं. इसके साथ ही हम आगे रणनीति पर भी काम कर रहे हबृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाली नाबालिग के केस वापस लेने पर साक्षी ने कहा, ÷ लोगों की आंखों में प्रदर्शन को लेकर गलत धारणा पैदा करने के लिए इस तरह की फर्जी खबरें फैलाई जा रही हैं जिससे कि हमारा जन समर्थन कम हो सके. ये सरासर गलत बात है जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता तब तक हम न कभी पीछे हटे थे और न हटेंगे.÷वहीं, गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात पर साक्षी मलिक ने कहा, ÷उनके साथ सामान्य बातचीत हुई है कोई निर्णय नहीं निकला है. हमारी मांग आरोपी की गिरफ्तारी की ही रहेगी. हमने अपना नाम वापस नहीं लिया है.

### महाराष्ट्र सरकार के मंत्री बोले- सीमेंट से बनी दीवार टूट सकती है, लेकिन शिंदे-बीजेपी का गठबंधन नही

महाराष्ट्र के वन एवं सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने रविवार (4 जून) को उद्धव ठाकरे गुट पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा, ÷शिवसेना (यूबीटी) ने जनादेश का अपमान किया. एकनाथ शिंदे ने गद्दारों को सबक सिखाया है. एक बार हो सकता है कि सीमेंट से बनी दीवार टूट सकती है, लेकिन शिंदे और बीजेपी का गठबंधन नहीं टूटेगा.÷ सुधीर मुनगंटीवार नवी मुंबई के खारघर इलाके में अखिल विश्व गायत्री परिवार की तरफ से मुंबई अश्वमेघ महायज्ञ के लिए निर्धारित यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन में शामिल हुए थे. इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्यपाल रमेश बैस ने भी शिरकत की. खारघर के सेंट्रल पार्क में 23 से 28 जनवरी 2024 तक अश्वमेध महायज्ञ किया जाएगा.

## ओडिशा रेल हादसे को लेकर हुई एफ आई आर, किन धाराओं में और किस पर दर्ज हुआ मामला

ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार (2 जून) को हुए ट्रेन हादसे में 275 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1100 से ज्यादा लोग घायल हैं. इस मामले में अब बालासोर जीआरपीएस की तरफ से केज दर्ज कर लिया गया है. मामला स्थानीय पुलिस की शिकायत के बाद दर्ज किया गया. बालासोर ट्रेन दुर्घटना मामले में लापरवाही से मौत और गंभीर चोट लगने के आरोप में केस दर्ज किया गया है. अज्ञात के खिलाफ



आईपीसी धारा 1860 के सेक्शन 337, 338, 304ा, 34 और रेलवे एक्ट, 1989 के सेक्शन 153, 154, 175 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. प्राथमिकी में कहा गया है कि विशिष्ट रेलवे कर्मचारियों की संलिप्तता का पता नहीं लगाया गया है. माना जा रहा है कि जांच जल्द ही केंद्रीय जांच ब्यूरो की तरफ से अपने हाथ में ले ली जाएगी. इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में बदलाव के कारण यह दुर्घटना हुई है.

## सिद्धारमैया को शख्स ने दी गाली, समर्थकों ने की थप्पड़ों की बरसात, सीएम पोस्टर से मंगवाई माफी



में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक शख्स को पीटते हुए वायरल हो रहा है. बताया जा रहा है कि इस शख्स ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया को गाली दे दी थी. इसके बाद गुस्साए सिद्धारमैया के समर्थकों ने शख्स को थप्पड़ों की बरसात कर दी. इतना ही नहीं, इस दौरान शख्स को घुटनों के बल बैठकर सीएम सिद्धारमैया के पोस्टर के आगे माफी मांगने पर मजबूर भी किया.राज्य में तमाम परिवर्तनों का दावा करने वाले सीएम सिद्धारमैया की एक होर्डिंग का वीडियो वायरल हो रहा है. इस वीडियो में दो लोग एक शख्स को पीटते नजर आ रहे हैं. वीडियो के मुताबिक, जब शख्स को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़े जा रहे थे, उसी दौरान सिद्धारमैया के समर्थक उससे पूछ रहे हैं कि ÷तुम्हारी सिद्धारमैया को वेश्या का बेटा कहने की हिम्मत कैसे हुई? क्या सिद्धारमैया, सिद्धारमुल्ला खान हैं? हालांकि शख्स ने बाद में पोस्टर के सामने सीएम के पैर छूकर माफी मांगी.इस बीच कर्नाटक में बीजेपी ने कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया. इस लिहाज से बीजेपी अपने नेताओं को कांग्रेस से बचाने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने जा रही है. बीजेपी ने सोमवार (5 जून) को कहा कि वह राज्य में कांग्रेस सरकार से अपने कार्यकर्ताओं को %कानूनी अत्याचारों% से बचाने के लिए पार्टी के कर्नाटक कानूनी प्रकोष्ठ से एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करेगी. बेंगलुरु साउथ से सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार (5 जून) को देश भर के 50 वकीलों के साथ बैठक की

### गुवाहाटी एयरपोर्ट पर हुई फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली भी थे सवार

डिब्रूगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में खराबी के बाद रविवार (4 जून) सुबह उसे गुवाहाटी में उतारा गया. अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या 6द्ग-2652 में केंद्रीय पेट्रोलियम राज्यमंत्री रामेश्वर तेली और असम के दो विधायक- प्रशांत फुकान और तेराश गोवाला समेत लगभग 150 यात्री सवार थे.मंत्री रामेश्वर तेली ने बताया कि विमान के उतरने से करीब 15-20 मिनट पहले घोषणा हुई कि उड़ान का रास्ता बदल दिया गया है. उन्होंने कहा, ÷शुरू में हम डर गए और यह आशंका हुई कि उड़ान डिब्रूगढ़ हवाईअड्डे पर क्यों नहीं उतर पाई. इसे गुवाहाटी ले जाया गया. इसके बाद पायलट ने घोषणा की कि इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण, उन्हें उतरने के लिए लंबे रनवे की जरूरत है.

## बालासोर ट्रेन हादसे के पीछे कौन, भारतीय ट्रेन में इंटरलॉकिंग सिस्टम क्या है?

ओडिशा के बालासोर में हुए बड़े रेल हादसे की सबसे बड़ी वजह अबतक 'सिग्नल में गड़बड़ी' माना जा रहा है. रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने मीडिया से बातचीत में साज़िश की आशंका से इनकार नहीं किया है. हादसे के बाद रेलवे बोर्ड ने सीबीआई जांच की सिफ़ारिश की है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कहा कि परिस्थितियों और अभी तक मिली प्रशासनिक जानकारी को ध्यान में रखते हुए




रेलवे बोर्ड इस हादसे की सीबीआई जांच की सिफ़ारिश करता है.÷कि ओडिशा के बालासोर में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव के कारण ट्रेन दुर्घटना हुई. हादसे में कम से कम 275 यात्रियों की मौत हो गई और हजारों लोग घायल हो गए. मंत्री ने एएनआई को बताया कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने मामले की जांच की है और घटना के कारण के साथ-साथ इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की है.रेल मंत्री के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में %बदलाव% से गलत सिग्नलिंग या गलत रूटिंग हुई है. इस वजह से कोरोमंडल एक्सप्रेस को मेन लाइन से हटना पड़ा. 115 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से चल रही ट्रेन लूप लाइन या साइड ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई.

# दिल्ली में घटा 30 फीसदी प्रदूषण, 50वें विश्व पर्यावरण दिवस के सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सोमवार (5 मई) को दिल्ली सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से त्यागराज स्टेडियम में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सीएम अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए. पर्यावरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम 50वां विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं. 1972 में यूएन जनरल एसेंबली ने इसकी शुरूआत की थी. तब लगा होगा कि दुनिया में प्रदूषण बहुत बढ़ता जा रहा है. इसे रोकने की जरूरत है. सीएम ने कहा कि जब-जब हम विकास की बात करते हैं तो माना जाता है कि विकास के साथ-साथ प्रदूषण भी होगा. विकास होगा तो पेड़ काटे जाएंगे, धूल-मिट्टी उड़ेगी, निर्माण होगा. हम 50 साल से विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, लेकिन इन वर्षों में पूरी दुनिया के अंदर प्रदूषण कम होने के बजाय बढ़ा है. भारत में भी किसी शहर, कस्बा या गांव को




देंखे तो हर जगह प्रदूषण बढ़ा है. लेकिन पूरे देश में दिल्ली के अंदर प्रदूषण घटा है. उन्होंने कहा कि पिछले 8 सालों में दिल्ली के अंदर विकास की गति कम नहीं हुई है. विकास खूब तेज गति से हो रहा है. स्कूल, अस्पताल, सड़कें, फ्लाईओवर सब बन रहे हैं, लेकिन प्रदूषण बढ़ने के बजाय कम हुआ है. हम लोगों ने दिल्ली के दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर विकास की गति कम नहीं होने दी और साथ ही प्रदूषण को भी कम किया है.सीएम अरविंद केजरीवाल ने आंकड़ों के जरिए बताया कि 2016 के मुकाबले 2022 में पीएम-2.5 और पीएम-10 में 30 फीसद की कमी आई है. हम देखते हैं कि पूरे आसमान में प्रदूषण ही प्रदूषण हो गया है और सांस लेना मुश्किल हो जाता है. 2016 में 26 दिन ऐसे थे, जब दिल्ली गैस चैंबर बन गई थी और सांस लेना मुश्किल था. लेकिन 2022 में केवल 6 दिन ऐसे थे, जब दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खराब था

# मुख्यमंत्री बतायें सारे आरोपियों के बयान उन्हीं पर आधारित क्यों होते हैं- देवलाल ठाकुर

रायपुर। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि क्या कारण है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लेकर पूरी कांग्रेस भ्रष्ट और घोटालेबाज अफसरों और कारोबारियों की पैरवी कर रहे हैं। जिन्हें इनके कारनामों के साक्ष्यों को देखते हुए अपने स्तर पर कार्यवाही करना चाहिए, वे आरोपियों के वकील बने नजर आ रहे हैं। आरोपियों के समर्थन में मुख्यमंत्री की बयानबाजी उन्हें संदिग्ध बना रही है और कांग्रेस के बयान इसकी पुष्टि कर रहे हैं कि इस संगठित अपराध गिरोह का सरगना कौन है, किसके संरक्षण में हजारों करोड़ के घोटाले हुए हैं। हैरानी की बात है कि कांग्रेस अपने घोटाला सिंडिकेट के समर्थन में प्रधानमंत्री से जवाबतलब कर रही है। चोरी और सीनाजोरी कांग्रेस के डीएनए में है। नेशनल हेराल्ड घोटाला करते हैं, आजादी के योद्धाओं की संपत्ति का हरण करते हैं और अदालती आदेश पर जब ईडी जांच के लिए बुलाती है तो दिल्ली से लेकर रायपुर तक नौटंकी करते हैं। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार का इतिहास रच दिया। अब पन्ने खुल रहे हैं तो ईडी की कार्रवाई पर प्रधानमंत्री से सफाई मांगने की बेशर्मी दिखा रहे हैं। जवाब तो भूपेश बघेल को देना है कि सारे भ्रष्टाचार जो उजागर हो चुके हैं, उनसे उन्हें तकलीफ क्यों है?देवलाल ठाकुर ने कहा कि भाजपा के शासन में सभी स्वायत्त संस्थानों को अपने ढंग से काम करने की पूरी आजादी है। कांग्रेस के नेताओं को भ्रष्टाचारियों के बचाव में बेबुनियाद सवाल उठाते हुए शर्म आनी चाहिये। नहीं आ रही क्योंकि यह कांग्रेस नभ जल थल तीनों लोकों में भ्रष्टाचार का प्रतीक है। कांग्रेस याद करे कि उसके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के समय सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे का तोता कहा था। भाजपा की मोदी सरकार ने सारे पंछियों को आजाद कर दिया। अब ये तोता, मैना नहीं हैं। सक्षम जांच एजेंसियां हैं जो भ्रष्टाचारियों को उनकी सही जगह पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा पकड़े गए तमाम मामले ऐसे हैं, जिस पर कोई भी अदालत आरोपियों को ज़मानत तक देने की ज़रूरत नहीं समझती। प्रथम दृष्टया सारे मामले साफ दिख रहे हैं।देवलाल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सरकार में हुए कृत्यों से बुरी तरह डरे हुए हैं। इसलिए ऐसे फिजूल सवाल अपनी टीम से उठवा रहे हैं। साफ जाहिर है कि कांग्रेस पहले तो आरोपियों से मनमाफ़िक बयान दिलवाती है और फिर उसके आधार पर राजनीतिक बयानबाजी करती है। इसका अर्थ है कि कांग्रेस और उसकी सरकार के संरक्षण में सारे घोटाले हुए और इन तमाम घोटालों की अंतिम ज़िम्मेदार कांग्रेस और उसकी सरकार के मुखिया ही हैं। यही वजह है कि राज्य सरकार केंद्रीय एजेंसियों का सहयोग करने की बजाय उनके खिलाफ सक्रिय है। जबकि केंद्रीय एजेंसियां संविधान के तहत राजकोष की रक्षा का काम ही कर रही हैं। लेकिन लुटेरों की सरकार को यह बर्दाश्त नहीं है कि लूट का माल बरामद हो रहा है। अब तो इसकी भी जांच होनी चाहिए कि सभी आरोपियों के एक जैसे आरोपों के पीछे किसका हाथ है। सारे आरोपी यही क्यों कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री के बेटे का नाम लेने दबाव बनाया जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री अपने को संदिग्ध बनाते हुए आशंका व्यक्त कर रहे हैं। क्या इसी को दाढ़ी में तिनका कहते हैं?

### कांग्रेस बताएं, आजादी की लड़ाई में कौन कांग्रेसी शहीद हुआ -बृजमोहन

# कांग्रेस सरकार के मंत्री शिव डहरिया की आरएसएस पर टिप्पणी के बाद बृजमोहन ने दी कड़ी प्रतिक्रिया। बृजमोहन ने कहा आरएसएस देश की ताकत है, देशभक्ति की पाठशाला है।

रायपुर।प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया द्वारा आरएसएस पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बृजमोहन ने कहा की आरएसएस देश की ताकत है, देशभक्ति की पाठशाला है। ऐसे सामाजिक संगठन पर अशोभनीय टिप्पणी करना देशभक्तों का अपमान है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस से ही सवाल पूछा कि आजादी की लड़ाई के ढाई सौ सालों के इतिहास में एक भी कांग्रेसी अगर शहीद हुआ, अपनी जान दी हुई तो हमें बताएं?उन्होंने कहा कि ये कांग्रेसी मुखबिरी की बात करते हैं तो यह जान ले सारे देश को पता है कि महान देशभक्त क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की मुखबिरी कर हत्या किसने करवाई है। कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत देते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने महात्मा गांधी के साथ कैसा व्यवहार किया। उनकी इच्छाओं को पूरा नहीं होने दिया। सुभाष चंद्र बोस के साथ कांग्रेस ने क्या किया। अगर पन्ने पलटने शुरू कर दें तो कांग्रेस के लोग मुंह दिखाने के लायक भी नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल भी संघ की देशभक्ति से प्रभावित थे और संघ की शाखाओं में भी गए थे। जब भारत पाकिस्तान का विभाजन हुआ,भारत चीन युद्ध,भारत पाक युद्ध हुआ उस दौर में भी संघ भारत के लोगों की सेवा के लिए,सैनिकों की मदद के लिए खड़ा रहा। आज भी देश पर कोई संकट आता है तो सबसे पहले आरएसएस के स्वयंसेवक मोर्चे पर खड़े दिखाई पड़ते हैं।बृजमोहन ने कहा कि असल में कांग्रेस को आरएसएस फोबिया हो गया है। घबराकर अनर्गल बयानबाजी पर उतर आए हैं। उन्हें लड़ना है तो भाजपा से लड़े। देशहित में काम कर रहे सामाजिक संगठन आरएसएस पर टिप्पणी करके कांग्रेस देश के प्रति समर्पित होकर काम कर रहे लोगों का अपमान कर रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

# कलेक्टर एसपी और वन मंडल अधिकारी ने किया पौधरोपण

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाईफ अभियान अतंर्गत वन मंडल विभाग दमोह की ओर से जबलपुर नाका स्थित रेस्ट हाउस में पौधरोपरण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा और अपने जीवन की रक्षा को लेकर कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली शपथ दिलाई। साथ ही वन कर्मियों द्वारा परेड का आयोजन भी किया गया और सलामी



दी गई। इसके उपरांत रेस्ट हाउस परिसर में अमरूद, आम, अशोक, जामुन के पौधों का कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके, मुन्ना लाल सोनी, उप वन मंडल अधिकारी आरसी चौबे, वन रेंजर दमोह विक्रम चौधरी, डिप्टी रेंजर प्रेमलाल सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने पौध रोपण किया। साथ ही सकोर बांधकर पक्षियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई।

# नया बाजार 2 में प्रमाण पत्र वितरित किये



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। नया बाजार नं.2 में लाडली बहना योजना अंतर्गत लाडली बहिनो को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नगर उपाध्यक्ष (शक्तिकेंद्र प्रभारी) मनीष असाटी ने बताया लाडली बहने प्रमाण पत्र लेने पर बताया मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने सही भाई का फर्ज निभाया है हम सभी बहिनो को आत्मनिर्भर बनाया है जिससे दिनचर्या के ख़र्चो के लिये किसी पर आश्रित नही रहना पडेगा। अगले चुनाव मै हम सभी बहने किसी के बहकावे में नही आयेगे सभी मिलकर पुन भाजपा सरकार बनवायेगे। शिवराज सिंह चौहान जी को मुख्यमंत्री बनायेगे। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष (शक्तिकेंद्र प्रभारी) मनीष असाटी, वरिष्ठ नेता श्याम बिहारी जडिया, महेश रैकवार नगर कार्यसमिति सदस्य प्रभा नामदेव, वार्ड अध्यक्ष आशीष गांगरा बूथ अध्यक्ष बाँबी (दीपक रैकवार), नया 2 प्रभारी कलीम भाईजान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित सभी लाभान्वित लाडली बहने रही।

# जीवनदायिनी धरती को रहने योग्य बनाने के लिए पेड़ पौधों को संरक्षित करें- विनोद जैन

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किये पौधे भेंट

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह**। विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद पंचायत दमोह के सभागार में देखा गया। उसके पश्चात विनोद जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पौधा भेंट किया गया। नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति ने जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सभी को मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण की



शपथ दिलाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद जैन ने बताया कि प्रकृति मानव के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत कुछ देती है। बदले में मानव पर्यावरण दूषित करता है और प्रकृति का दोहन करता है। जिससे समय के साथ पर्यावरण व प्रकृति नष्ट होती जा रही है। कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी पर्यावरण बन सकता है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए 5 जून को हर साल पर्यावरण दिवस मनाते हैं। जीवनदायिनी धरती को रहने योग्य बनाने के लिए पेड़ पौधों के जीवन को बचाने और पर्यावरण प्रदूषण के कारकों को कम किया जा सकता है। इस कार्य के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। ब्लाक समन्वयक श्रीमति वंदना जैन ने बताया कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है। दुनियाभर के तमाम देश पर्यावरण दिवस मना रहे हैं। मानव और प्रकृति का गहरा नाता है। जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। इसलिए हमें आज शपथ लेते हुए पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए कार्य करना है

### धूम धाम से हुई प्रकृति शक्ति बड़ादेव की स्थापना

# ग्रामीणों को मिला नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ




**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह**/तेजगढ़। रविवार को ग्राम पंचायत समदई के अंतर्गत आने वाले ग्राम ररियों में गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ दमोह एवं ग्राम कमेटी ररियों के सानिध्य में एकदिवसीय सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गोंड समाज के जन्मदाता सल्ला गांगरा प्रकृति शक्ति बड़ादेव की मूर्ति स्वरूप स्थापना की गई। सर्वप्रथम डीजे एवं गाजे बाजे के साथ गांव में खेर दाई के स्थान पर कलश यात्रा निकाली गई और खेर दाई की गोंगों पाट करके पूरे गांव में कलश यात्रा भ्रमण की गई। इसके बाद कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंची और कार्यक्रम स्थल पर पुनेमाचार्य बृजेश शाह परस्ते भुमका ने बड़ादेव ठाना में विशेष गोंगो पाट करके फड़ापेंन की स्थापना की गई। साथ ही जिला आयुष चिकित्सा विभाग दमोह द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के निर्देशन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण करते हुए चेकअप किया गया जिसमे शुगर, रक्तचाप, एनियमा, दस्त, बुखार, कमजोरी, जोड़े के दर्द गठिया बात, पेट दर्द, गैस, आदि अनेकों प्रकार की दवाएं वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग से निःशुल्क शिविर में डॉ. बी एम गौतम, डॉ. डी एस ठाकुर,डॉ. वाई पी गर्ग,डॉ. तपस्या उपाध्याय, कंपाउंडर रोशनी ठाकुर, बलवंत सिंह,हेमंत असराठी, सुनीता अहिरवार, ममता ठाकुर, महिला स्वास्थ्य कर्ता हेमलता रैकवार, सत्य राजपूत, राजकुमारी गौतम, ज्योति चौराहा, दवासाज ठा.अनरत सिंह ऐडाली, अमर सिंह ठाकुर शारदा पाण्डे दमयंती मुंडा कमलेश अठ्या, रमन हजारी, वर्ष चौबे आदि।प्रमुख्य वक्ता के रूप में तेंदूखेड़ा जनपद अध्यक्ष तिरु. तुलाराम यादव ने अपने वक्तव्य में बड़ादेव चबूतरा निर्माण हेतु पचास हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य तिरूमाय बबिता सिंह/कौशल सिंह पोर्ते ने युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तिरु. अनरत सिंह ऐडाली ने अपने वक्तव्य में समाज के युवाओं से आव्हान किया की सामाजिक क्रांति लाने के समाज को जगाने के लिए युवाओं को नशा मुक्त समाज का निर्माण करना होगा और सामाजिक कार्य के लिए पितृ शक्तियों के साथ युवा शक्तियों को आगे आना चाहिए। शिक्षक महेंद्र सिंह मरकाम सचिव ने अपने गोंडी रीति रिवाजों पर जोर देने की बात कही कहा की अपनी रीति रिवाजों एवं गोंडी संस्कृति को अपनाने की जरूरत है नहीं तो समाज अन्य लोगों की संस्कृति से जीवन में अपनाने से केवल गुलामी हाथ लगेगी। जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर ने समाज से आव्हान किया कि शासक बनने के लिए राजनेतिक पकड़ मजबूत करनी होगी,इस अवसर पर शामिल तेंदूखेड़ा जनपद अध्यक्ष तिरु. तुलाराम यादव, उपाध्यक्ष पूरन सिंह परस्ते, जिला पंचायत सदस्य बबिता सिंह/कौशल सिंह पोर्ते, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनरत सिंह ऐडाली (स्वास्थ्य विभाग), सचिव महेंद्र सिंह मरकाम शिक्षक, प्रदेश सह सचिव कौशल सिंह पोर्ते, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं उपसरपंच ठा. सुनील शाह ऐडाली, ग्राम जमुनिया से दीवान बबलू सिंह इरपाचे, जग्गन सिंह पहलवान, भज्जू सिंह ऐडाली जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत पोर्ते, विमेलश सिंह ठाकुर, कमलेश सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच जगत यादव, धीरज सिंह सरूता, शिक्षक पूर्व सरपंच दशरथ सिंह ठाकुर रिछ्याऊ, भुमका संघ से बंकागढ़ धाम चुनेटिया वाले दादा कोमल शाह, पुनेमाचार्य बृजेश शाह परस्ते, आयोजक प्रीतम सिंह , गोविंद सिंह कुशराम, पंचम सिंह जयराम सिंह साहब सिंह मुक्तयार, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का अंत में आभार व्यक्त ग्राम कमेटी से गोविंद सिंह प्रीतम सिंह ने वक्त किया।

# प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर हुई पत्रकार वार्ता

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिला एवं शहर युवा कांग्रेस के द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं म.प्र. के सहप्रभारी सी.पी. मित्तल प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी धर्मेश घई ने जिले की सातो ब्लाकों से आये जिला पदाधिकारियों कांग्रेसजनों की उपस्थिति में कहा कि वह 12 जून को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों पर चर्चा करने आये है। और जिस तरह का उत्साह समस्त दमोह जिले के कांग्रेसजनों में है वह सराहनीय है पत्रकार वार्ता के पहिले जिले के कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले की चारों विधानसभा के संभावित प्रत्याशियों ब्लाक अध्यक्षों मंडलम सेक्टर प्रभारियों की बैठक में विधायक अजय टंडन ने कहा कि पूर्व में जब राहुल गांधी का जबलपुर आगमन हुआ था

### मंत्री डहरिया के बयान पर भाजपा का पलटवार

# अंग्रेजों के दलाल उनके पुरखे थे, जिनकी चाटुकारिता में छत्तीसगढ़ को लूट लूटकर दक्षिणा भेजी जा रही हैविदाई की बेला देख कर बौरा गई है पूरी कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री, विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने आरंग में राजीव भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री शिव डहरिया के बयान को घोर आपत्तिजनक करार देते हुए कहा है कि वे जो वैचारिक जहर उगल रहे हैं, वह उनके नेता के यहां से शर्बत में मिलाकर पीकर आये हैं। दरअसल अंग्रेजों के चाटुकार आरएसएस के लोग नहीं बल्कि अंग्रेजों के दलाल उनके पुरखे थे, जिनकी चाटुकारिता में छत्तीसगढ़ को लूट लूटकर दक्षिणा भेजी जा रही है। अंग्रेजों के गुलाम वे थे, जिन्होंने क्रांतिकारियों की पैरवी नहीं की और देशभक्तों को फांसी पर चढ़वा दिया। जिस पार्टी का जन्मदाता ही अंग्रेज हो, वह किस हैसियत से अंग्रेजों से लड़ सकती है। डहरिया न तो आजादी का इतिहास जानते हैं और न ही आजादी की वह कीमत उन्हें पता है जो आजादी के परवानों ने चुकाई है। डहरिया अपने सूबेदार के साथ जिस खानदान की चाटुकारिता में समर्पित हैं, उसका इतिहास यह है कि राष्ट्र का भूगोल बिगड़ गया। यदि अंग्रेजों के ये चापलूस उस समय अपने गोरे मालिकों के साथ मिलकर साजिश न करते तो भारत के टुकड़े न होते। कांग्रेस का काला अतीत रहा है इसलिए वह देश भर में कालातीत हो गई। आज भी भारत विरोधी अभियान में शामिल होकर टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़ी है। अंग्रेजों के हिमायती आजकल चीन से चंदे की चिन्दी बटोर रहे हैं। अमरीका में जाकर मुस्लिम लीग को सेक्युलर बता रहे हैं, जो पाकिस्तान दुनिया भर से भीख मांग रहा है, उससे मदद की भिक्षा ये मांग रहे हैं। खुले तौर पर देशद्रोह किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में धर्मांतरण का तड़का लगाने वाले कालनेमि के जैसा आचरण कर रहे हैं और भाजपा की केंद्र सरकार को कालनेमि ठहरा रहे हैं, ये बड़े विचित्र हैं। अपने इतिहास और वर्तमान पाप की गठरी भाजपा के सिर पर रखना चाहते हैं लेकिन जनता इनकी असलियत से परिचित है।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि कांग्रेस ने गांधी जी को जीते जी मार डाला। बापू चाहते थे कि आजादी के बाद कांग्रेस नाम की वह संस्था समाप्त कर दी जाए, जो केवल आजादी के आंदोलन का एक मंच थी और जिसमें सभी देशवासियों के सहयोग था।लेकिन कांग्रेसी जिस खानदान के बंधुआ बने हुए हैं, उसके पूर्वज ने राजनीतिक मुनाफे और पुश्तान पुश्त तक राज करने के इरादे से गांधी के विचार को खारिज कर दिया। कांग्रेस ने गांधी जी के नाम को राजनीतिक ट्रेडमार्क बनाया लेकिन उनके सिद्धांतों की हत्या कर दी। जबकि भाजपा ने गांधी जी के दर्शन के आधार पर देश और देश की जनता के लिए काम किया है। गरीबों का भला किया है। छत्तीसगढ़ में सत्ता में बैठे राशनखोर तो गरीब की छत से लेकर निवाला तक हड़प गए। दरअसल कांग्रेस की विदाई का समय आ गया है। सारे भ्रष्टाचारी सही ठिकाने पर पहुंच गए हैं तो कांग्रेसियों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। श्री बांधी ने कहा अगर कांग्रेस की स्थापना नहीं हुई होती तो भारत को आजादी काफी पहले मिल गई होती। 1947 में मिली आज़ादी को इंदिरा गांधी ने ख़त्म कर दिया था। आज की आजादी राष्ट्रवादियों द्वारा 1975 से लेकर 77 तक के संघर्ष का परिणाम है।यह कांग्रेस से लड़ कर पायी हुई आजादी है।डॉ. बांधी ने कहा कि नेहरू क्या थे, किसकी मुखबिरी करते थे, चंद्रशेखर आजाद की मुखबिरी किसने की, नाभा जेल से हफ्ते भर में अंग्रेजों से माफी मांग कर नेहरू कैसे बाहर आ गये थे, जरा यह इतिहास देखिए। कांग्रेस में अगर साहस है तो अपने जन्मदाता ह्यूम का जन्मदिन मनाये। वह क्यों नहीं मनाती? कांग्रेस इतिहास देख ले कि ह्यूम जब इटावा के कलक्टर थे, तभी 1857 की क्रांति हुई थी। क्रांतिकारियों ने उनके बंगले को घेर लिया था। तब साड़ी पहन कर वे कोठी से भागे थे। तभी उस क्रांति की आग को कम करने सेफ़्टी वॉल्व के बतौर कांग्रेस की स्थापना का विचार ह्यूम के मन में आया और अंततः इस पार्टी का गठन हुआ। इसी सेफ़्टी वॉल्व के कारण आजादी मिलने में इतना समय लगा। केजीबी की दलाली करने से लेकर अनेक आरोप कांग्रेस के सिर पर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से पूछा जाए कि ललित नारायण मिश्रा की हत्या किसने करायी? लाल बहादुर शास्त्री की हत्या किन पारिस्थितियों में की गई? यह डहरिया को पता है क्या?

# हाइटेंशसन लाइन ने ली मेरे भाई की जान, पुलिस अधीक्षक दतिया को भेजा पत्र

**उप संपादक महेंद्र शर्मा**

सेंवढ़ा। सिरसा निवासी दिनेश विश्वकर्मा पुत्र गोविन्ददास उर्फ भगवानसिंह विश्वकर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा को भेजे पत्र में उल्लेख किया गया कि उनके भाई की मौत हाई टेंशन लाइन से आए करंट से हुई है। पत्र में यह भी जानकारी दी गई कि उनके भाई के अलावा दो अन्य महिलाएं भी इस हाईटेंशन लाइन का शिकार हुई हैं गांव में इस लाइन से प्रवाहित हो रहे करंट के कारण पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसकी सूचना बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों को दी गई पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। वर्तमान में भी इस लाइन से करंट प्रवाहित हो रहा है जो भविष्य में घटनाओं की वजह बन सकता है। पत्र में मामले की जांच करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उनके भाई की मौत के बाद बेसहारा हुए परिवार जनों को उचित मदद दिलाने की मांग की गई है। मालूम हो कि शनिवार को सुबह करीबन 09.00 बजे सिरसा निवासी गौरव विश्वकर्मा घर के द्वारे पर बैठा घर के बाहर दीवार पर बिजली की डोरी डली थी जैसे ही गौरव विश्वकर्मा पुत्र गोविंददास विश्वकर्मा 25 वर्ष दीवार के पास खड़ा हुआ तो उसका एक हाथ दीवार पर डली डोरी से चिपक गया गौरब विश्वकर्मा को डोरी से बिजली का करण्ट लग गया और यह बेहोश होकर गिर गया। लोगों ने उसे टैक्सी में रखकर अस्पताल सेवढा लाये जहाँ डाक्टर ने मेरे भाई गौरव विश्वकर्मा को मृत होना बताया ।

पर्यावरण की सुरक्षा, जीवन की रक्षा - सूर्या फाउंडेशन

# पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है प्लास्टिक





प्लास्टिक हमारे पर्यावरण को बड़ी तेजी से प्रदूषित करके बहुत नुकसान पहुंचा रहा है इधर-उधर फैलती प्लास्टिक धरती के अंदर जाकर मिट्टी के पानी सोखने की क्षमता को कम करता है, जिससे भूमि की उपज कम होती है। भूमि में वर्षा के जल का अवशोषण होकर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में बाधा उत्पन्न होती है। पेड़ - पौधों की जड़ों द्वारा जल और पोषक तत्वों के शोषण में भी यह बाधा पैदा करता है। धरती बंजर हो जाती है। गाय आदि पशु खाने की चीजों के साथ प्लास्टिक को खा जाते हैं ,जिससे उनका शरीर भयंकर बीमारियों का शिकार हो जाता है। नालियों तालाबों नदियों यहां तक की समुद्र में बहता प्लास्टिक कचरा पानी में रहने वाली जीव सृष्टि के लिए खतरनाक बन गया है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं से पैदा हुए कचरे का निपटारा करना बहुत ही कठिन कार्य होता है, इस कारण यह जनसाधारण तथा वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। हर एक व्यक्ति को इस समस्या के निवारण के लिए जागरूक करना होगा और इस समस्या के समाधान के लिए आगे आना होगा। चहुओर फैलते प्लास्टिक रूपी जिन्न को बोतल में बंद कर दिया जाए तो सृष्टि का खतरा कम होगा। इसी से निर्माण हुआ इको ब्रिक्स का। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर सूर्या फाउंडेशन देशभर में 18 राज्यों के 239 गाँवों में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष गतिविधियां चला रहा है। संस्था के संस्थापक पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल जी के आवाहन पर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को मनाया गया। सूर्या फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान को घर-घर जाकर समझाते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों को बताया गया। गाँवों में संचालित संस्कार केंद्र के बच्चों ने प्लास्टिक की पनिन्यों को एकत्रित कर प्लास्टिक की बोतल में भर कर इन इको ब्रिक्स से उपयोगी सामग्री भी तैयार की। इको ब्रिक्स द्वारा स्टूल, मेज, कुर्सी ,टी गार्ड जैसे वस्तुओं का निर्माण किया गया। इन वस्तुओं के उपयोग से प्लास्टिक जमा करके पर्यावरण को बचाया जा रहा है। प्रदूषण का कारण प्लास्टिक ही नहीं अनेक प्रकार की वस्तुएं भी है उन सभी को रोकने की आवश्यकता है। आइए धरती को बचाए और राष्ट्र कार्य में सहभागी बने। आपके पास प्लास्टिक का सही उपयोग करने का कोई अच्छा सुझाव है तो कृपया बताएं। पर या पत्र के माध्यम से अपने सुझाव दें जिनका सुझाव विशेष होगा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

# दतिया में प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को वितरित किए स्वीकृति पत्र




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया जिले के पांच दिवसीय प्रवास के दौरान आज सोमवार को ग्राम पलोथर में लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया।



# जशीत सेंणचा कक्षा 10 वीं बोर्ड में 85.20 प्रतिशत हासिल कर समाज का नाम किया रोशन

**पुष्पाजंली टुडे**



गांधीधामः समाजसेवी रामलाल सेंणचा के सुपौत्र जशीत सेंणचा ने कक्षा 10 वीं सीबीएसइ बोर्ड में 85.20 प्रतिशत अंक हासिल कर कामयाबी हासिल की है। जशीत सेंणचा की सफलता पर पिता मुकेश व दादाजी रामलाल सेंणचा अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी समाज ट्रस्ट उज्जैन मध्यप्रदेश एंव नानाजी सी.ए.चुन्नीलाल लचेटा पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र एवम सीरवी समाज सम्पूर्ण डॉट कॉम वेबसाइट परिवार की ओर से हार्दिक बधाई, अभिनन्दन एवं उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामनाऐ की गई। जशीत सेंणचा ने शानदार सफलता हासिल कर गांव व परिवार का रोशन किया ।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज ने उल्लास से मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

# छोटी छोटी गलत आदतों में सुधार लाकर पर्यावरण को बचाया जा सकता है-जय सिंह

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

प्रयागराज 05 जून। आज के युग में पर्यावरण प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या और बड़ी बड़ी इमारतों के कारण पर्यावरण की क्षति हो हो रही है। हर जगह पेड़ों को काटकर बड़ी बड़ी मकानों का निर्माण हो रहा है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है सभी को पेड़ लगाने और बचाने की जिम्मेदारी लेनी होगी तथी आज का दिवस मनाने का उद्देश्य पूरा हो पाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रयागराज द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस जनजागरूकता कार्यक्रम में उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि महावीर कौजलगी प्राभागीय निदेशक वन विभाग ने कही। उन्होंने कहा कि सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि वन विभाग पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शहरों में जगह जगह वृक्षारोपण अभियान चला रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित उपस्थित जनसमूह को प्रतिज्ञा दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा आईटीआई परिसर में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व संयुक्त निदेशक सुनील कुमार शुक्ल ने कहा कि मानव और पर्यावरण के बीच गहरा सम्बन्ध है। जनजीवन की सुरक्षा के लिए पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की ओर बढ़ रहे विश्व में विकास की राह में कई ऐसी चीजों का उपयोग शुरू कर दिया है जो धरती और पर्यावरण के लिए घातक है। कार्यक्रम के दौरान कुंज मोहन वर्मा उप खण्ड अधिकारी ने पर्यावरण के बारे में बताते हुए कहा कि यहां वाहनों का




धुआं, मशीनों की आवाज खराब रासायनिक जल आदि की वजह से वायु प्रदूषण जल प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। इसके कारण हमें अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बचाने के लिए आज के संकल्प करें कि हम न ही पर्यावरण और प्रकृति के खिलाफ कोई कार्य करेंगे बल्कि अधिकाधिक वृक्षारोपण कर लोगों में जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर आईटीआई के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने इस तरह के जन जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके धरती को हरा भरा बनाने में सहयोग करना होगा।इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण दिवस को मिशन लाइफ से जोडकर कार्य करना होगा जिसमें दैनिक जीवन में छोटी छोटी आदतों जैसे ईंधन संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक को कम से कम प्रयोग करके पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के इस अभियान को अपना अभियान बनाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर सफल बनायें। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से जय सिंह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी द्वारा अतिथियो को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज के वरिष्ठ सहायक राम मूरत द्वारा पर्यावरण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संचालित की गयी। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के कुल 15 विजेता प्रतिभागियों को केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर आधारित संदेशपरक नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम समापन की औपचारिक घोषणा उप प्रधानाचार्य एम0ए0 कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय, रितिका श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, राजेश शर्मा संयोजक नमामि गंगे, निर्मलकांत पाण्डेय, प्रमोद कुमार, उमाशंकर गुप्ता, नगीना सिंह श्री नाथ, सुशीला, नन्द किशेन बिन्द आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को न्यू इंडिया समाचार तथा प्रचार साहित्य उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का संचालन राम मूरत द्वारा किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीएम राज कैंपस शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद में वृक्षारोपण संपन्न

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद** – भिंड। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीएम राज कैंपस शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद में वृक्षारोपण संपन्न विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की योजना के अनुसार वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया जाता है यह है पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में 1972 से लगातार मनाया जाता है ताकि विश्व समुदाय के लोग मानव जीव जंतु



एवं प्राकृतिक तत्वों के संरक्षण संवर्धन में योगदान प्रदान कर सकें 2019 से यह पर्यावरण दिवस किसी न किसी एक विशेष टीम पर आधारित रहता है यह थीम पृथ्वी वृक्षारोपण जैव विविधता हरियाली जीव जंतु संवर्धन पर आधारित होती है 2023 में यह थीम प्लास्टिक प्रबोधन अर्थात प्लास्टिक के सदुपयोग पर आधारित होगी ताकि प्लास्टिक तत्व के दुरुपयोग को रोका जा सके और पृथ्वी को संरक्षित कर इको तंत्र को व्यवस्थित किया जा सके इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद जिला भिंड के परिसर में वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर सीएम राइज विद्यालय गोहद के प्राचार्य रविंद्र सिंह चौहान विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा जन शिक्षक सतीश कुमार कोरूकू वरिष्ठ शिक्षक मोहर मन राठौर विद्यालय परिवार की श्रीमती किरण शुक्ला ज्योति शर्मा एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

**शासकीय महिला पोलिटेक्निक कॉलेज में एवीबीपी कार्यकर्ता कर रहे अनावश्यक राजनीति**

# शासकीय व प्रशासनिक कार्य में बाधा एवं आंदोलन पूर्णत: तथ्यहीन–प्राचार्य डॉ पंकज जैन

सीहोर। शासकीय महिला पोलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज जैन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जो एक छात्रा विगत 29 मई को छात्रावास से गुम हुई थी। जिसकी जानकारी शाम को लगते ही कॉलेज स्तर से इसकी खोज की गई एवं तत्काल उसके परिवार को शुजालपुर सूचित किया गया। इसके बाद दिनांक 30 मई को प्रातः थाना कोतवाली सीहोर में उसके गुम होने की रिपोर्ट छात्रा के परिजनों के माध्यम से की गई। उक्त छात्रा का दिनांक 3 जून को पता भी चल गया और वह शुजालपुर में ही पाई गई थी।छात्रावास एवं संस्था भवन के निर्माण



के लगभग 12 वर्ष उपरांत प्रथम बार पुताई हेतु आवंटन मांगा गया था। कार्य के संपन्न हेतु प्रदेश स्तर के प्रमुख समाचार पत्र में निविदा प्रकाशित हुई जिसमें 17 फर्मों के द्वारा आवेदन किया गया। सभी फर्मों के समक्ष निविदा खोली गई एवं न्यूनतम दर प्राप्त निविदाकार को ठेका दिया गया तथा कार्य पर सतत निगरानी 5 सदस्यों की समिति द्वारा की गई। यह मिथ्या आरोप है कि प्राचार्य द्वारा अपने चहेते को ठेका दिया गया। जबकि वास्तविकता यह है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कुछ नेता प्रायः महाविद्यालय में आकर अध्ययनरत छात्राओं से मिलने एवं महिला छात्रावास के अंदर प्रवेश चाहते हैं तथा अपने कार्यक्रम हेतु आर्थिक सहयोग एवं अध्ययनरत छात्राओं की उपस्थिति चाहते हैं। उन्हें जब इस कार्य हेतु मना किया जाता है तो यह आंदोलन एवं मिथ्या आरोप लगाकर कॉलेज एवं प्राचार्य की छवि धूमिल करते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस समारोह श्रीस्थल संग्रहालय सिद्धपुर मे मनाया गया



**पाटन ब्यूरों, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गुजरात। श्रीस्थल संग्रहालय, सिद्धपुर पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, खेल विभाग और युवा सांस्कृतिक गतिविधियां, गुजरात राज्य ने 05 जून 2023 को श्रीस्थल संग्रहालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस दिन के अवसर पर बच्चों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष हर्बेरियम शीट का निर्माण किया गया जिसमें विभिन्न पौधों के हिस्सों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सकता है और उनके वानस्पतिक नाम, देशी नाम और आयुर्वेद में उनके उपयोग के साथ उनके मूल रूप में देखा जा सकता है। सहायक क्यूरेटर तेजल परमार ने ईसाई विषय के बारे मे बच्चों को जानकारी दी। जिसे बच्चों में अच्छा प्रतिभाव मिला है। साथ ही, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीस्थल संग्रहालय के बच्चों, आगंतुकों और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# पर्यावरण दिवस के उपलक्ष मेंआरोग्य सदन मालनपुर में लगाए गए पौधे



**दैनिक पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

आज पर्यावरण के उपलक्ष में आरोग्य सदन मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ मोहनीश तोमर ने पौधा रोपण किया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे मालनपुर नगर पालिका सीएमओ मनोज कुमार शर्मा जिन्होंने कहा कि पौधों की देखभाल मालनपुर नगर परिषद द्वारा कराई जाएगी समय-समय पर पानी एवं खाद की व्यवस्था की जाएगी इसी तारतम्य स्वास्थ्य प्रभारी डॉ तोमर ने कहा कि पेड़ पौधे जीवन के



लिए कितने महत्वपूर्ण हैं जो हमें जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं पेड़ पौधे रोजगार पैदा करते हैं एवं जीवित प्राणियों फूल, फल, चारा, लकड़ी, फाइबर, रबर, एवं ईंधन ब, पशुओं को छाया पक्षियों और जानवरों को आसरा देते हैं मिट्टी के कटाव एवं बाड को रोकने में भी पेड़ काम आते हैं बढ़ रहे प्रदूषण को कम करते हैं ऑक्सीजन प्रदान करते हैं छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए इस अवसर पर मौजूद रहे मोहर सिंह, विक्रम रावत एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे

## बजरंग दल व विश्व हिंदु परिषद की सँयुक्त बैठक सम्पन्न,नगर अध्यक्षो की हुई नियुक्ति



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर के पतारा बाग हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों के द्वारा संगठन सदस्यों सहित एक सँयुक्त बैठक आहूत की गई जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुरेन्द्र शुक्ला,प्रखण्ड मंत्री कृष्णकांत(गोलू) कौरव,प्रखण्ड सह-मंत्री प्रतीक शर्मा,प्रखण्ड बजरंग दल संयोजक राहुल भट्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान लव जिहाद,धर्मांतरण एवं गौ हत्या को लेकर विशेष चर्चा हुई वही सभी सदस्यों से रायसुमारी कर विश्व हिंदु परिषद दबोह व आलमपुर के नगर अध्यक्षो के नामों की भी घोषणा की गई जिसमे दबोह नगर से कन्हैया धौलिया अमाह को व आलमपुर से सत्यवीर (निशु पटेल) को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया इस मौके पर डॉ.प्रीतम सिंह कौरव,श्यामू चनसोलिया,गोलू सविता,रितिक सैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसआरएफ फाउंडेशन के द्वारा विकसित आंगनवाड़ी केंद्र गुरीखा का कलेक्टर ने फीता काटकर किया गया शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टूडे**
**संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

एसआरएफ फाउंडेशन के द्वारा आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम भिंड के अंतर्गत विकसित की गई आंगनवाड़ी केंद्र गुरीखा का भिंड कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ कर बच्चों को समर्पित किया गया एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर आंगनवाड़ी परिसर में पौधारोपण कर लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए एसआरएफ फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार के द्वारा बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी नवाचार से प्रभावित होकर नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्री प्राइमरी एजुकेशन को बढ़ावा देने हेतु भिंड जिले में रूरल एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत 10 शासकीय विद्यालय के साथ 30 आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लिया गया है, जिसमें 10 आंगनवाड़ी केंद्र विभाग के सहयोग से आदर्श केंद्र के रूप में विकसित किए जा रहे हैं एवं अन्य में शैक्षणिक सहयोग करते हुए, छात्रों को बैठने के लिए कुर्सी टेबल , बाला पेंटिंग , भवन का सौंदर्यकरण , फर्श , अलमारी, छात्र अभ्यास पुस्तिका , टीएलएम आदि चीजें उपलब्ध करवाई गई हैं ।







प्रत्येक माह में कार्यकर्ता मार्गदर्शिका पर 2 अलग अलग विषय वस्तु आधारित क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का कार्य किया जा रहा है , जिससे एक दूसरे की समझ विकसित करते हुए भयमुक्त वातावरण में खेल खेल में शिक्षा प्रदान की जा सके । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा सभी उपलब्ध संसाधनों पर समझ बनाते हुए एसआरएफ फाउंडेशन के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई एवं विजिट के दौरान कार्यकर्ता एवं बच्चों से चर्चा की , जिसमें टीएलएम के माध्यम से बच्चों से गतिविधि करवाई गई शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान डॉ सतीश कुमार एस (कलेक्टर भिंड), शुभम शर्मा (एसडीएम गोहद), अब्दुल गफ्फार (महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी) , फिरोज खान (सीएसआर कोऑर्डिनेटर), संदीप मौर्य (सीडीपीओ), एसआरएफ लिमिटेड से राजेश खन्ना (वरिष्ठ अधिकारी) , संतोष पाठक जी, राकेश तिवारी, श्री चैनसिंह किरार (जिला कार्यक्रम अधिकारी) , सरपंच भूपसिंह जाटव , मनोज द्विवेदी (प्रधानाध्यापक), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नंदा शर्मा जी , छात्र एवं अन्य अधिकारीगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**पर्यावरण को सुरक्षित बचाये रखने के लिए हम सभी को आगे आना होगा : डीएसपी मिश्रा**

## एसएएफ में व्रक्षारोपन एवं पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता आयोजित हुई







**भिण्ड ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रेषित पत्र में विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2023 के संदर्भ में मिशन लाइफ - लाइफ स्टाइल फॉर इवीरोंमेंट के अन्तर्गत पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में सेनानी 17 वी वाहिनी विसबल भिण्ड के निर्देशानुसार, एड्ज्यूटेन्ट 17 वी वाहिनी विसबल भिण्ड के मार्गदर्शन में वाहिनी परिसर में पर्यावरण जागरूकता हेतु साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के एड्ज्यूटेन्ट बंशमणि मिश्रा, निरीक्षक प्रेमनारायण सराहिया ÷ए÷ समवाय, सामग्री मुख्य समवाय उपनिरीक्षक हितेन्द्र सिंह जादौन, सूबेदार मेजर उपनिरीक्षक सौरभ सिंह भदौरिया,यूनिट बैंक प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी / कर्मचारी एवं उनके बच्चे सम्मिलित हुए। साइकिल रैली वाहिनी के खेल ग्राउण्ड से शुरू होकर वाहिनी परिसर में होते हुए वाहिनी के पेट्रोल पम्प पहुँचकर रैली का समापन किया गया। साइकिल रैली के दौरान वाहिनी के आवासीय परिसर में निवासरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के परिजनों को पर्यावरण जागरूकता के अन्तर्गत ऊर्जा एवं पानी की बचत हेतु प्रेरित किया गया। के तरीकों से अवगत कराया गया। ठोस अपशिष्ट को कम करने एवं ई-वेस्ट को कम करने हेतु भी प्रेरित किया गया। तथा ठोस अपशिष्ट एवं ई-वेस्ट से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। इसके साथ ही साइकिल रैली के समापन पर रैली में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों, उनके बच्चों एवं उपस्थित आम गणमान्यों को स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, पानी की बर्वादी रोकने, एकल उपयोग प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने, आयुर्वेदिक दवाओं को जीवन का हिस्सा बनाने, ऊर्जा उपयोग करने एवं प्राकृतिक / जैविक खेती अपनाने पर पर्यावरण को होने वाले लाभ के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया। एड्ज्यूटेन्ट महोदय एवं वाहिनी के शासकीय स्कूल के प्रधानाध्यापक अरविन्द सिंह तोमर के मार्गदर्शन में वाहिनी के अधिकारी / कर्मचारी एवं वाहिनी परिसर के बच्चों के साथ ही वाहिनी के शासकीय स्कूल के स्टॉफ व बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने हेतु वाहिनी के बुद्धा हॉल में इंटरनेशनल प्रोग्राम ऑन मिशन लाइफ का आयोजन किया गया। साथ ही वाहिनी के निर्माणाधीन पार्क में बृहद वृक्षारोपण किया गया।

**बिना शर्त महिलाओं को साल के 18 हजार एवं 500 रुपए में सिलेंडर मिलेगा - विधायक जाटव**

## नारी सम्मान योजना को लेकर विधायक मेवाराम जाटव ने ब्लॉकों की ली बैठक, किए 20 हजार फॉर्म फार्म वितरित।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। नारी सम्मान योजना को लेकर विधायक मेवाराम जाटव ने अपने सरकारी आवास पर सभी ब्लॉकों की बैठक ली। बैठक में सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि हमारे नेता कमलनाथ जब मुख्यमंत्री बनेंगे तो सत प्रतिशत महिलाओं को नारी सम्मान योजना का लाभ दिया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को साल के 18 हजार रुपए एवं 500 रुपए का गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इसके अलावा 100 यूनिट बिजली फ्री एवं 100 से 200 यूनिट का हाफ बिल किया जावेगा, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली की जाएगी, किसानों के लिए कर्ज माफी योजना फिर शुरू की जाएगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा के भाजपा महिलाओं के साथ छल कर रही है, भाजपा की शिवराज सरकार मात्र 30 प्रतिशत महिलाओं को ही लाडली बहन योजना के नाम पर एक हजार रुपए देने की तैयारी कर रही है, इस योजना में 70 प्रतिशत महिलाओं को सम्मिलित नहीं किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गोहद नगरिय क्षेत्र में 22 हजार से अधिक महिला वोटर होने के बावजूद मात्र 9500 महिलाओं को ही लाडली बहन योजना में सम्मिलित किया जा रहा है। क्योंकि भाजपा के मुख्यमंत्री ने महिलाओं को लाडली बहन योजना में सम्मिलित होने के लिए उम्र एवं कई प्रकार की बंदिशें लगा दी हैं जिससे 70 प्रतिशत महिलाएं अपात्रता की श्रेणी में डाल दी गई है। इसी प्रकार गोहद विधानसभा में 1 लाख 10 हजार महिला वोटर हैं जिनमें से मात्र 30 प्रतिशत महिलाएं ही इस योजना से जुड पा रही हैं बकाया महिलाएं उम्र की बंदिश एवं कई प्रकार के सरकारी नियमों के चलते अपात्रता की श्रेणी में डालीं जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में हमारे नेता कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है इसके बाद प्रत्येक महिला के खाते में प्रत्येक मां पंद्रह सौ- पंद्रह सौ-रुपए नारी सम्मान योजना के अंतर्गत प्रत्येक महिला के खाते में डाले जाएंगे और इसका लाभ प्रत्येक महिला को दिया जाएगा उम्र एवं किसी प्रकार की कोई बंदिश नहीं रखी जाएगी। इस योजना से जोड़ने के लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसी के अंतर्गत आज हम सभी एकत्रित हुए हैं और प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर फार्म का वितरित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज ब्लॉक स्तर से लेकर मंडलम, सेक्टर एवं बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता प्रत्येक घर जा जाकर प्रत्येक महिला के फॉर्म भरवा कर ब्लॉक स्तर पर जमा करेंगे, विधानसभा के अंदर 50 हजार फॉर्म 15 जून तक भरने का टारगेट रखा गया है। बैठक को जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने भी संबोधित किया मंच का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने किया। बैठक में केशव देसाई, युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार देशलहरा, शहर अध्यक्ष टोनी उर्फ विजय मुदगल, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप गुर्जर रेखा बसेडिया, मालनपुर ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर, मौ ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव, डॉक्टर रणवीर यादव, इरशाद खान, डॉ अमर सिंह जाटव, आदि के द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में न पा अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, न पा उपाध्यक्ष सुनील उर्फ सिक्की कांकर, पार्षद अकरम खान, पार्षद साबू खान, पार्षद बल्लू शैंमर, पार्षद संजू सागर, गणेश राम शर्मा, प्रमोद शुक्ला, गुट्टी शर्मा, राजेंद्र परिहार, डॉ धर्मवीर दिनकर, बीपी गुर्जर, विजय निगम, देवेंद्र पाठक, बबलू बरैया, रागिनी चौहान, मालती जाटव आदि सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।



## खरगोन में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

खरगोन नगर पालिका द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय कलेक्टर महोदय श्रीमान शिवराज सिंह वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी व समस्त पार्षद गणों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद श्री चंद्रपाल सिंह तोमर जी एवं समस्त वार्ड वासियों द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर वार्ड को गौरवान्वित किया ।

**महाकाल लोक से दूर रहें लोकायुक्त : डॉ. गोविंद सिंह**

## महाकाल लोक की जाँच उच्च न्यायालय के न्यायाधीशो के आयोग से कराई जाए

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने भोपाल में पत्रकार वार्ता में कहा कि लोकायुक्त की कुर्सी पर बैठकर एन के गुप्ता अन्याय कर रहे हैं । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दे रहे हैं , एक बर्ष पहले ही हमारे विधायक महेश परमार ने महाकाल लोक में हो रहे घोटाले की शिकायत की थी, लोकायुक्त श्री गुप्ता इतने लंबे अरसे तक इस भ्रष्टाचार को दबाए क्यों बैठे रहे। जो लोकायुक्त न्याय नहीं करें, भ्रष्टाचार को दबाने का काम करें, अब वही महाकाल लोक में भ्रष्टाचार की जांच कर रहे हैं। वे



क्या जांच करेंगे, क्या उम्मीद रखें ऐसे व्यक्ति से ? जब भ्रष्टाचार हो गया, मूर्तियां गिर गईं, सनातन धर्म के करोड़ों लोगों की श्रद्धा को ठेस पहुंची, तब जाकर जांच करेंगे । इससे ज्यादा शर्मनाक स्थिति मध्यप्रदेश के लोकायुक्त के लिए क्या हो सकती मध्यप्रदेश में लोकायुक्त कार्यालय बंद कर देना चाहिएडॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि ईमानदार डीजे मकवाना बतौर लोकायुक्त डीजी कार्रवाई करना चाहते थे, लेकिन उनको दबाव डालकर हटवा दिया गया । डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा कि मध्यप्रदेश का लोकायुक्त कार्यालय बंद कर दिया जाए । इस पर जनता की गाढ़ी कमाई से जो खर्च हो रहा है, उसे बचाया जाए । महाकाल लोक घोटाले की जांच केवल उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के आयोग द्वारा ही कराई जाए, तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो सकता है। लोकायुक्त से मध्यप्रदेश की जनता का विश्वास उठ चुका है,उनसे हम कोई उम्मीद नहीं कर सकते।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की ली शपथ

ग्वालियर7 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र ओल्ड हाई कोर्ट लेन स्थित संगम भवन पर विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया।जिसमें सेवा केंद्र से जुड़े हुए अनेकानेक भाई बहनों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शपथ ली। आज के समय में जहां एक ओर हम अनेक प्रकार के डेवलपमेंट करते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपने पर्यावरण की ओर ध्यान न देते हुए इस पर्यावरण का दोहन करते जा रहे हैं। जिस वजह से आने वाले समय में कई प्रकार की समस्याओं का सामना हमें करना पड़ सकता है उक्त बात सेवाकेंद्र प्रभारी आदर्श दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कही साथ ही आगे कहा कि हम सभी जागृत होकर अपने इस धरती के पर्यावरण की सुरक्षा करने का दृढ़ संकल्प लें और इसके प्रति हमारी जो व्यक्तिगत जिम्मेवारी ह

**शिवपुरी पुलिस को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता,**

## कोलारस पुलिस द्वारा बडी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ डोंडा चूरा 1209 किलो ग्राम कीमती करीबन 35 लाख रुपये का ट्रक मे परिवहन करते हुये किया जप्त आरोपी चालक किया गिरफ्तार





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को जिले मे अवैध गतिविधियों के खिलाफ शख्ति से निपटने एवं आपराधिक प्रवर्ती के लोगों पर जीरो टॉलरेंस के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं । जिसके तारतम्य मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. कोलारस श्री विजय कुमार के मार्गदर्शन मे दिनांक 05.06.2023 को दौराने रात्रि कस्बा गस्त के मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि, गुना तरफ से ग्वालियर की ओर एक ट्रक क्रमांक पीबी 11 डीसी 7234 मे अवैध मादक पदार्थ डोंडा चूरा विक्रय करने हेतु ले जा रहा है । सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना कोलारस द्वारा सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं पुलिस टीम बनाकर वाहन चैकिंग शुरु की गयी, चैकिंग के दौरान मुखबिर के बताये अनुसार ट्रक को एबी रोड निर्माणाधीन तिवारी होटल के सामने फोरलाईन कोलारस रोड पर रोका गया । पुलिस द्वारा ट्रक को रोकर ट्रक चालक से नाम पता पूंछा तो उसने अपना नाम जगशीरसिह पुत्र बलदेवसिह रवीदास उम्र 36 साल नि0 ककराला थाना मौवी जिला पटियाला पंजाव का होना बताया । पुलिस द्वारा सूचना की दस्दीक हेतु रोके गये ट्रक क्रमांक पीबी 11 डीसी 7234 की तलाशी ली गई तो उसमें तुअर दाल के कट्टों के पीछे छुपाकर मादक पदार्थ डोंडा चूरा ले जाया जा रहा था, पुलिस द्वारा ट्रक व उसमे भरे अवैध मादक पदार्थ को अपने कब्जे मे लिया गया एवं आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया । पुलिस द्वारा ट्रक मे कुल 62 कट्टे जिनमे प्रत्येक कट्टे मे 19 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोंडा चूरा भरा हुया था जो कुल 1209 किलोग्राम पाया गया । जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त किया गया है एवं आरोपी ट्रक चालक से पूंछताछ पर चालक के द्वारा बताया गया कि उक्त ट्रक गुरमुखसिंह नि0 पटियाला का है, जो कि मैं इंदौर से तुअर दाल भरकर चंडीगढ़ जा रहा था । वाहन मालिक द्वारा चालक को बताया गया था कि बदनावर पर एक अन्य व्यक्ति आयेगा जो ट्रक को ले जायेगा फिर कुछ देर बाद वापस ट्रक सुपुर्द कर देगा और तुम ट्रक को लेकर चंडीगढ आ जाना । आरोपी उक्त मादक पदार्थ कहां से लाया और कहां ले जा रहा था के संबंध मे पुलिस पूंछताछ कर रही है । उक्त कार्यवाही में उनि. हरीशंकर शर्मा, उनि अंकित उपाध्याय, सउनि शत्रुघनसिंह भदौरिया, प्रआर.119 भूपेन्द्र सिंह, प्र.आर. 43 दिलीप सिंह, प्र.आर. 475 नरेश दुबे, आर. 88 पुष्पेन्द्र रावत, आर. 157 मनोज गौतम की विशेष भूमिका रही

## पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर शिवराज वर्मा ने रियाजुद्दीन शेख को किया सम्मानित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



खरगोन पर्यावरण दिवस के अवसर पर वार्ड 12 चौपाटी पर सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया जिसमें खरगोन में स्वच्छ सुंदर वार्ड स्पर्धा आयोजित की गई थी जिसका निर्णय 5 जून पर्यावरण दिवस पर किया गया उल्लेखनीय कार्य करने को लेकर वार्ड 12 पार्षद रियाजुद्दीन शेख को कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, एसडीएम ओमनारायण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, एव सीएमओ प्रियंका पटेल, निर्णायक समिति के डॉ बार्चे एवं अन्य अतिथियो द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

## लाखों बुजुर्गों के श्रवण कुमार शिवरज बेटा हो तो शिवराज जैसा...

**पुष्पांजली टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुषवाह**

जहां आज के समय में बेटा बनकर श्रवण कुमार बनना आसान नही है ऐसी परिस्थितियो में प्रदेष के मुखिया अचंभित कर देने वाली योजनाओ से प्रदेष की जनता के मन को जीतते रहे है लेकिन वर्ष 2012 में प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री तीर्थदर्षन योजना जहां अपने ग्यारवें वर्ष में चल रही है तो वही बुजूर्गो ने उन्हें श्रवण कुमार की पदवी तो दी साथ ही कहा कि इस प्रकार तीर्थ करने का हमने कभी विचार भी नही किया था यह तो सिर्फ मुख्यमंत्री जी के प्रयासो से ही संभव हो पाया । हिंदू धर्म में तीर्थों का विशेष महत्व होता है। हर व्यक्ति का सपना होता है कि जीवन में एक बार तीर्थदर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त कर ले। परंतु धनाभाव एवं आर्थिक विपन्नता इस सपने के साकार होने में बाधा बनती है। गाँव-देहात में मजदूरी करके जीवन यापन करने वालों को भर पेट भोजन मिलना और जीवकोपार्जन के लिए आवश्यक संसाधन जुटाना ही दुष्कर है, ऐसे में दुर्गम स्थानों की यात्रा का सोचना भी मुमकिन नहीं है। यह उनके लिए कभी पूरा न होने वाले सपने के समान था। लेकिन आज यह संभव हो पा रहा है।जैत के छोटे से गाँव से निकले शिवराज सिंह चौहान ने गाँव, गरीब को नजदीक से देखा व जिया है। इसलिए वह इन मनोभावों को बहुत प्रामाणिक तरीके से महसूस करते हैं। सामाजिक न्याय के उनके विशिष्ट मॉडल में यह दृष्टिगोचर भी होता है। वह गाँव-देहात में बसने वाले लोक के मानस को भली प्रकार समझते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों का तीर्थ दर्शन का सपना गरीबी की वजह से न टूटे और वह धर्मलाभ ले सकें, इसके लिए मध्यप्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू की और और देश के सभी प्रमुख तीर्थस्थलों तक के लिए तीर्थदर्शन योजना के तहत ट्रेन चलवाई। लाखों-करोड़ों लोग तीर्थ यात्रा की आकांक्षा के साथ ही इस दुनिया से विदा हो जाते हैं, ऐसे में शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी संसाधनों पर इसे पूरा कराकर लोगों को अपना मुरीद बना लिया है। तीर्थ दर्शन योजना लाखों बुजुर्गों के जीवन की अंतिम मुराद को पूरा करने का माध्यम बन गई है।वस्तुतः यह एक अनोखी योजना है जो धर्म से अधिक मानवता के धरातल पर समावेशी सोच के साथ चित्रित की गई है। समाजशास्त्री डॉ. अभय गच्छ कहते हैं कि तीर्थदर्शन योजना एक



गेम चेंजर स्कीम है क्योंकि यह सामाजिक एवं आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टि से बहुत शानदार है। कोई सरकार व्यक्ति के निजी जीवन के इस पक्ष को भी पूरा करने का प्रयास कर सकती है, यह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पहले किसी ने सोचा तक नहीं था। यह केवल सरकार की केवल एक योजना भर नहीं है बल्कि जनता और शिवराज सिंह के मध्य भरोसे और प्रेम की ऊंची उड़ान भी है।तीर्थदर्शन योजना ने मध्यप्रदेश में बीजेपी और खासतौर पर शिवराज सिंह का नया वोटबैंक तैयार किया है जो हर तरह के राजनैतिक दुष्प्रचार से दूर रहता है। यदि इस योजना के राजनैतिक प्रभावों पर गौर करें तो हम पाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के जनाधार को स्थाई बनाने में इस योजना का अहम रोल है क्योंकि जिस मोहल्ले से बुजुर्गों ने इस यात्रा को किया है वे और उनका पूरा परिवार शिवराज सिंह के सॉलिड कैम्पेनर की तरह काम करते हैं। इस योजना के माध्यम से शिवराज सिंह के प्रति जनता की खुली दीवानगी से खुन्नस खाते हुए कमलनाथ सरकार ने इसे अपने 16 महीने के कार्यकाल में बंद कर दिया था लेकिन शिवराज सिंह ने सत्ता में आते ही फिर इसे बहाल किया और अब हवाई जहाज से तक श्रद्धालुओं को यात्रा करवा रहे हैं।शिवराज सच्चे अर्थों में जनाकांक्षाओं को समझने एवं उन्हें पूरा करने वाले नेता हैं। वह यह भली भांति जानते हैं कि सरकार का काम जन-चेतनाओं को मूर्तरूप प्रदान करना होता है। आमजन के लिए रोटी-कपड़ा-मकान, शिक्षा-स्वास्थ्य बौर रोजगार जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना होता है। लेकिन इसके साथ ही आमजन बहुत कुछ चाहता है, अपने धर्म, अपनी संस्कृति, अपनी बोली-वाणी इन सबसे गहरे तक जुड़ना चाहता है। उन्होंने जनता की इस मौन भाषा को पढ़ा और सांस्कृतिक संवर्धन के लिए रूपरेखा बनाई।

आखिर क्या है मुख्यमंत्री तीर्थदर्षन योजना -मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों जो 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता नहीं है, को प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न नाम निर्दिष्ट तीर्थ स्थानों में से एक या दो युग्म स्थानों की यात्रा सुलभ कराने हेतु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना परिकल्पित की गयी है। मध्यप्रदेश शासन ने जून 2012 में इस योजना का शुभारंभ किया हैद्य इस योजना में प्रदेश के वरिष्ठ नागरिको को देश के चिन्हित तीर्थ स्थल की निःशुल्क यात्रा कराई जाती हैद्य तीर्थ यात्रीयो को विशेष रेल से यात्रा, नाश्?ता, भोजन एवं शुद्ध पेयजल, तीर्थ स्?थान पर रुकने की व्यवस्था, जहाँ आवश्यक हो बस से यात्रा व अन्य सुविधाएँ धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन से अनुबंधित इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड , जो कि भारत सरकार का उपक्रम है, के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है

## नवांकुर संस्था ने किया व्रक्षारोपन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नवांकुर संस्था चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति भिंड द्वारा ग्राम ओझा मैं सरपंच प्रदीप सिंह राजावत, हार्टफुलनेष प्रशिक्षक राम निवास यादव,समाजसेवी श्री सुनील दुबे एवं मेंटर नीरज शर्मा ने मंदिर परिसर में ग्रामिणजनो के सहयोग से फलदार वृक्ष लगाए। तत्पश्चात यादव ने कहा कि यदि हमारा लक्ष्य सही है तो फिर प्रकृति भी हमेशा हमारा साथ देती है। सुनील दुबे ने कहा



यदि समय रहते हम नहीं सचेत हुए तो हमारा जीवन चक्र बिगड़ जायेगा और हम अपनी आने वाली पीढ़ी को जवाब नहीं दे सकते। क्योंकि एक और तो हम पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं वृक्छ लगाते हैं और लोगों से लगवाते है बही अपने स्वार्थ में हरे भरे पेड़ों को काटते हैं इसलिए हमें ईको फ्रेंडली माहोल निर्मित करना चाहिए। अपनी कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ नारे के साथ आभियान चला कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी अपनी सेहभागता करे।

## हम सब मिलकर पेड़ लगाएं :बघेल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकलांग बल मप्र के प्रदेश सचिव प्रो. शिवराज उर्फ सौरव बघेल ने एक दर्जन पौधों का रोपण किया अटेर तहसील के ग्राम गोअर कला गांव में किया 7 प्रदेश सचिव बघेल को प्रकृति से अत्यधिक लगाव है पिछले वर्ष भी उन्होंने भिण्ड मै बहुत से स्थान पर वृक्षारोपण किया था 7 विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण के दौरान प्रदेश सचिव सौरभ बघेल ने कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन मे बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है 7 वृक्षों से हमें शुद्ध वायु ऑक्सीजन प्राप्त होती है , वृक्षों से हमें कई प्रकार



की औषधियां प्राप्त होती है जो हमें बीमारी से निजात दिलाती है , पेड़ पौधे वर्षा कराने में बहुत सहायक होते हैं इसलिए हमें मिलकर वृक्षों की कटाई पर रोक लगानी है, अगर पेड़ पौधे खत्म हो जाएंगे तो मनुष्य एवं जीव जंतुओं का जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा 7 अगर प्रत्येक मनुष्य वर्ष में कम से कम एक पेड़ लगायें तो इस प्रकार सम्पूर्ण वातावरण प्रदूषण से मुक्त हो जायेगा और जिससे हमें शुद्ध वायु प्राप्त होगी।इस अवसर पर बघेल यूथ यूनियन ग्रुप के अध्यक्ष अरविंद बघेल ने कहा हमें जन्मदिन या अन्य कोई भी उत्सव पर कमसे कम एक पेड़ लगा कर उत्सव मनाये तो दुगुना आनंद आएगा 7वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित रहे रमेश बघेल इस्माइल खान जीतेन्द्र सिंह धर्मेंद्र नीरज जाकिर खान खान सिद्धार्थ सिंह बघेल राजनारायण राधेश्याम बेबी, विमला देवी, गंगा श्री कविता आदि।

## नारी सम्मान योजना से बहिनो के जीवन में आएगी खुशहाली : धर्मेंद्र सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**


**भिण्ड ।** भिण्ड जिले में कांग्रेसियों द्वारा नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने का सिलसिला जारी है। शहर के राम नगर वार्ड 10 में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता धमेंद्र सिंह भदौरिया पिंकी के नेतृत्व में दो सैकड़ा से अधिक महिलाओं के फॉर्म भरवाए।धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं में नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरने के लिए उत्साह देखा जा रहा है। लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री कामलनाथ की नारी सम्मान योजना प्रदेश की प्रत्येक माता बहिनों के जीवन में खुशहाली लाने का काम करेगी। बहिनों के जीवन में बदलाव आएगा। कांग्रेस सरकार बनते ही बिना शर्त 1500 रुपए प्रत्येक महिला को मिलेगा और मंहगाई से मुक्ति हेतु 1200 रूपए वाला रसोई गैस सिलेंडर



सिर्फ 500 रुपए में दिया जाएगा। जनता भाजपा की झूठी घोषणा पर अब विश्वाश नही करेगी। पीसीसी डेरी गेट संजय भूता ने कहा जनता भी समझ चुकी है आने वाला कल कांग्रेस का होने वाला है और प्रदेश की जनता भी बीजेपी के भ्रष्टाचार से अब तंग आ चुकी है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बन रही है। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री कमलनाथ जी द्वारा पहले ही प्रदेश की जनता के लिए 5 सौगाते दे दी हैं। कांग्रेस की सरकार बनते ही हमारी सरकार कर्मचारी भाइयों को पुरानी पेंशन योजना जो भाजपा के कार्यकाल में बंद हो गई है उसे भी चालू की जावेगी। शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने 100 यूनिट बिजली बिल फ्री और 200 यूनिट पर आधा बिल देने की बात कही।इस अवसर पर पार्षद रामहेत शाक्य, शहर मीडिया प्रभारी विपुल जैन,महामंत्री दीपक शर्मा,राकेश राजावत,अनुज त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 8 जून को रात्रि 12 से चम्बल पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्णत : बंद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**इटावा ।** इटावा के जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने आदेश जारी किया है कि, राष्ट्रीय मार्ग सं. - 92 ( इटावा- भिण्ड - ग्वालियर मार्ग ) के कि.मी. 78 में स्थित चम्बल नदी पर निर्मित सेतु लगभग 50 वर्ष पुराना है, जो कि पूर्व में क्षतिग्रस्त हो जाने के उपरान्त मरम्मत के बाद पुल पर यातायात की सुरक्षा के सम्बन्ध में गठित जांच समिति की रिपोर्ट एवं तकनीकी जांच की रिपोर्ट के आधार पर भारी वाहनों के आवागमन को पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने की संस्तुति के आधार एवं सुरक्षा की दृष्टि से दिनांक 08/06/2023 की रात्रि 12 बजे से भारी वाहनों के आवागमन को समानान्तर नये पुल के निर्माण पूर्ण होने तक की अवधि में पूर्णतयाः प्रतिबंधित किया जाता है एवं हल्के वाहनों का आवागमन यथावत रहेगा।इस अवधि में जनपद भिण्ड की ओर जाने वाले भारी वाहन जालौन अथवा शिकोहाबाद होते हुए भिण्ड जायेंगे या उदी चौराहे से चकरनगर सहसों फूफ होते हुए भिण्ड जायेंगे तथा जनपद भिण्ड से आगरा / कानपुर की ओर आने वाले भारी वाहन शिकोहाबाद अथवा जालौन होते हुए आयेंगे या फूफ- सहसों चकरनगर से उदी चौराहा होते हुए इटावा आयेंगे।

### अटेर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी : मंत्री डॉ. भदौरिया

## सहकारिता मंत्री किए विकास कार्यों का भूमि पूजन विकास कार्यों का लोकार्पण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने दो दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंहुढ़ा आगमन एवं अकोडा सिहुडा मार्ग से सिंहुढ़ा साहडाडा मार्ग (पीडब्ल्यूडी) लम्बाई 1.74 कि.मी. लागत 103.98 लाख का भूमिपूजन,सीएम राइज स्कूल का भूमिपूजन लागत 3300.11 लाख,कनावरकनावर चौरैला मार्ग से छूछरी कदम खंडी मार्ग (पीडब्ल्यूडी) लम्बाई 2.00 कि.मी. लागत 143.39 लाख का भूमिपूजन छूछरी (विण्डवा) सांकरी से नई गढ़ी मार्ग (पीडब्ल्यूडी) लम्बाई 2.50 कि.मी. सांकरी दोप.02.00 बजेलागत 198.31 लाख का भूमिपूजन 1. ढेलापुरा पहुंच मार्ग (पीडब्ल्यूडी) लम्बाई 0.45 कि.मी. लागत 27.19 लाख का भूमिपूजन नहरा ग्राम जाबई में नल-जल योजना का भूमिपूजन लागत 13.67 लाख (पीएचई ) 3. ग्राम सफेद पुरा में नल-जल योजना का भूमिपूजन लागत 27.55 लाख ,स्टेडियम का निर्माण का भूमिपूजन लागत 125.00 भदाकुर लाख भदाकुर पठा मार्ग से सिहुडा तक लम्बाई शाम 04.00 बजे2.94 कि.मी. लागत



340.72 लाख भूमिपूजन ग्वालियर इटावा मार्ग (बरही टोल) से रामगढ़ तक लम्बाई 1.22 कि.मी. लागत 112.23 लाख का भूमि पूजन ग्राम सपाड में नल-जल योजना का भूमिपूजन लागत 112.23 लाख रामगढ़ (बरही)सपाड ,ग्राम समन्ना में नल-जल योजना का भूमिपूजन लागत 85.64 लाख समन्ना ग्राम कपूरपुरा में नल-जल योजना का भूमिपूजन लागत 51.34 लाख , ग्राम जाजेपुरा में नल-जल योजना का भूमिपूजन लागत 83.87 की विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की भाजपा सरकार है जन सेवा भाव से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी अंत्योदय योजनाओं से आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का कार्य किया है। जितनी योजनाएं भाजपा सरकारों में बनी है वह कमलनाथ की 15 माह की कांग्रेस की सरकार में नहीं बनाई गई। कमलनाथ ने 2018 के विधानसभा चुनाव में झूठ बोलकर सरकार बनाई थी लेकिन एक भी विकास कार्य नहीं हुआ उन्होंने शिवराज सरकार की योजनाओं को बंद कर हर गरीब के साथ अन्याय किया और पूरा बल्लभ भवन भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। उन्होंने कहा कि अटेर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जितना विकास अटेर में हुआ है वह कभी कांग्रेस की सरकारों में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कनेरा उत्पन्न सिंचाई योजना किसानों की महत्वपूर्ण योजना है इसे द्वारा प्रारंभ किया जा रहा है जो किसानों की बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने का काम करेगी सीधा पानी खेत के किसानों में पहुंचेगा। अटेर क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा की लाडली बहना योजना के माध्यम से हर गरीब महिला को ? 1000 की राशि जून के 10 तारीख को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके खातों में पहुंचाने जा रहे हैं जोकि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करेगी।डॉ भदौरिया ने लाडली बहना योजना की स्वीकृति पत्र महिलाओं को वितरित किए।मंत्री डॉ. भदौरिया ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के आधारशिला का पूजन किया। उनके साथ जिला कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश,एसडीएम एवं अनेक विभागों के अधिकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव लल्ला,फूप मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अशोक सिंह बघेल, किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया,एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीण जन काफी संख्या में मौजूद थे।

## शहर कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शहर के वार्ड क्रमांक 1 रानी का ताल में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी द्वारा चलाई जा रही नारी सम्मान योजना के फार्म भरने के लिए शिविर लगाया नारी सम्मान योजना के फार्म भरते समय शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कमलनाथ के निर्देशानुसार भिंड शहर में नारी सम्मान योजना के फार्म भरे जा रहे हैं नारी सम्मान योजना के अनुसार आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को ? 500 में सिलेंडर और 15 सो रुपए महीने दिए जाएंगे और



शासकीय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी जाएगी एवं 100 यूनिट तक ?100 और 200 यूनिट तक हाफ बिजली का बिल दिया जाएगाइस अवसर पर कांग्रेस नेता संतोष त्रिपाठी ने कहा बीजेपी सरकार द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को बेवकूफ बनाया जा रहा है महिलाएं बैंक और नगरपालिका के चक्कर लगा रही है फिर भी कागजों की पूर्ति नहीं हो पा रही है कांग्रेस पार्टी द्वारा नारी सम्मान योजना चलाई जा रही है जिसमें फार्म में आधार नंबर और समग्र आईडी का नंबर डाला जा रहा है कांग्रेस की नारी सम्मान योजना में उम्र का भी कोई बंधन नहीं है कांग्रेस पार्टी हमेशा ही महिलाओं का सम्मान करती आई है भिंड शहर के हर वार्ड में कार्यकर्ता घर-घर जाकर फॉर्म भर रहे हैंभिंड के वार्ड नंबर 1 में फार्म भरते समय शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रमोद दीक्षित पीसी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण जीवन के बहुत जरूरी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** विश्व पर्यावरण के अवसर पर भिंड जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद सोनी एवं जिला कांग्रेस महासचिव नीरज शर्मा जी द्वारा मनु ताम्रकार,शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष दर्शन सिंह तोमर,अजय परिहार राजेश कुमार शाक्य, विनोद कुमार जाटव अमित शिवहरे, फलदार वृक्ष लगाए गए जिला



उपाध्यक्ष अरविंद सोनी ने कहां अब हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए पर्यावरण से हम सबके जीवन में हवा पानी एवं वाटर लेवल ठीक रहता है एवं जीवन के लिए हवा पानी अति आवश्यक है आज पर्यावरण नहीं है जिला कांग्रेस नीरज शर्मा महासचिव ने लोगों से अपील के यहां पेड़ हम सबके जीवन हरा भरा बनाता है।

शिवपुरी पुलिस की वाहन चोरों के खिलाफ कार्यवाही

# पुलिस थाना नरवर द्वारा दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो चोरी की मोटर सायकलें बरामद की हैं।

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिह भदौरिया के निर्देशन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा वाहन चोरी के घटनाओं मे कमी लाने एवं चोरी हुये वाहनों की बरामदगी हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसी तार्तम्य मे कार्यवाही करते हुये अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी मार्गदर्शन मे थाना नरवर क्षेत्र में हो रही मोटर साईकिल चोरियों पर अंकुश लगाने एवं चोरी गई मोटर सायकलों को बरामद करने के लिये कार्यवाही की गई है। जिसके पालन मे थाना प्रभारी नरवर द्वारा




चोरी की बारदातो को गंभीरता से लेकर टीम गठित कर आज दिनाँक -05.06.23 को थाना नरवर के अपराध क्र 139/23 धारा 379 भादवि एवं अपराध क्र. 130/23 धारा 379 भादवि के चोरी गये माल की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु डोगरी मगरौनी रोड एवं शेरगढ तिराह नरवर से टीम व्दारा कड़ी मशक्कत करते हुये दो मोटर साईकिल चोर गौरव पुत्र वेदप्रकाश शर्मा उम्र 27 साल निवासी शान्ति विहार कालोनी कैलारस थाना कैलारश जिला मुरैना एवं केदार रावत पिता श्री जगदीश रावत उम्र-26 वर्ष निवासी-ग्राम-नजरपुर थाना-भितरवार जिला ग्वालियर के कब्जे से मोटर सायकल क्रमाक एमपी33 स्ब्द्ध 7175, काले रंग कि एचएफ डीलक्श मोटर सायकल क्र0 एम.पी.33एनए 8863 को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।इस कार्यवाही मे निरीक्षक आलोकसिह भदौरिया ,सउनि छोटे लाल लववंशी स.उ.नि.अरविद्र सगर प्र.आर.689 वीरेन्द्र सिंह प्र.आर.891 डैनी कुमार,प्रआर0 217 विपिन यादव, आर.321 महेन्द्र सिंह कुशवाह आर. 809 अवदेश रावत,आर0 972 विकास भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिवपुरी पुलिस की वाहन चोरों पर कार्यवाही

# पुलिस थाना नरवर द्वारा चोरी की चार मोटर सायकलें जप्त कर 4 मोटर सायकल चोरों को किया गिरफ्तार

**.राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा समस्थ अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों एवं संपत्ती संबंधी अपराधों व चोरी के मामलों का जल्द से जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गये माल की बरामदगी हेतु निर्देशित किया जा रहा है, जिसके पालन मे पुलिस थाना नरवर द्वारा वाहन चोरों पर कार्यवाही करते हुये चोरी की चार मोटर सायकलें जप्त कर चार वाहन चोरों को गिरफ्तार करने मे सफलता हांसिल की है। अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया व एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में हो रही मोटर साईकिल चोरियों पर अंकुश लगाने एवं कार्यवाही करने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसमे सफलता हांसिल करते हुये दिनाँक 04.06.23 को पुलिस थाना नरवर में मुखविर सूचना मिली की चार लड़के आपस में मोटर साईकिल चोरी करने के संबंध मे बातचीत



कर रहे हैं। सूचना पर तुरन्त फोर्स रवाना कर आरोपी (1) शैलू उर्फ शैलेन्द्र गुर्जर पुत्र विजयसिह गुर्जर उम्र 20 साल निवासी डोगरी थाना बम्हारी (2) प्रिंस अग्रबाल पुत्र बृजेश कुमार अग्रबाल उम्र 21 साल निवासी विवेकान्द चौराह के पास मगरोनी (3) भीकम उर्फ कुत्ता पुत्र बालकिशन कुशवाह उम्र 25 साल निवासी कुशवाह मोहल्ला निजामपुर मगरोनी (4) इम्मो उर्फ इमाम शाह पुत्र भूरा शाह उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्र.05 निजामपुर मगरोनी को पकड़कर पुछताछ की गयी तो उक्त आरोपियों द्वारा बताया गया कि मोटर साईकिल चोरी करने की नियत से आये थे पूर्व मे भी उनके द्वारा शिवपुरी, सीहोर, मोहना जिला ग्वालियर क्षेत्र से भी मोटर साईकिलें चोरी करना कबूल किया उक्त आरोपियों के घरों से अलग अलग मोटर साईकिलं हीरो 1. एचएफ डीलक्श क्र.एमपी07 एन बी 6491 2. स्पेल्डर मो0 साईकिल क्र.एमपी07 एन जे 1689 3. हीरो स्पेल्डर मोटर साईकिल क्र.एमपी33 एम जेड 2591 4.हीरो एचएफ डिलक्श मोटर साईकिल जिसका चैचिस न0 श्व9छ्व06668 एवं इंजान न.॥106222 थाना नरवर मे जप्त कर कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।इस कार्यवाही मे निरीक्षक आलोकसिह भदौरिया , उनि0 भूपेन्द्र परमार, सउनि0 अरविंद संगर, सउनि0 छोटेलाल, प्रआर0 891 डैनीकुमार, प्रआर0 217 विपिन यादव ,आर0 483 राघवेन्द्रसिह तोमर, आर0 944 सचिन आर0 चालाक 942 राजवहादुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# सर्व समिति से क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष अंकेश परिहार को नियुक्त किया व जिला उपाध्यक्ष कप्तान सिंह परिहार को नवनियुक्त नियुक्त किया

## अंकेश परिहार बने क्षत्रिय खंगार समाज के जिलाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष बने कप्तान सिंह परिहार

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**पिछोर,** खनियाधाना , शिवपुरी जिले के समस्त क्षत्रिय खंगार व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर द्वारा मनोनीत किया गया साथ ही समाज एकत्रित होकर चिंता हरण मंदिर शिवपुरी पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महत्वपूर्ण क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा लिया गया सर्वसम्मति से अंकेश परिहार को क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा शिवपुरी जिला अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष कप्तान सिंह परिहार को बनाया गया क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा जिला अध्यक्ष एवं जिला



उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षत्रिय खंगार समाज बंधुओं ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की चिंता हरण मंदिर पर बैठक का समापन हुआ जिस में उपस्थित रहे डॉक्टर परमानंद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, समाजसेवी, महेश परिहार, राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष मजबूत सिंह परिहार , जिला प्रभारी मान सिंह परिहार शिवपुरी, कप्तान सिंह परिहार जनपद बुढ़ानपुर पिछोर, विजय सिंह परिहार एससी मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष सिरसोद, पहाड़ सिंह परिहार बरेला, अरुण परिहार राजोर, राम सिंह परिहार माचमोर, शिवपुरी जिले के समस्त क्षत्रिय खंगार समाज बंधु मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# शहीद सुखसिंह फरस जी की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमिपुजन किया गया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद ग्राम पंचायत मोहदा के लाडले सपूत शहीद सुखसिंह फरस जी, नक्सलियो से लड़ते हुए दिनांक 03-04-2021 को बीजापुर जिले मे टेकलगुड़ा मे शहीद हो गए ,जिसके प्रतिमा स्थापना के लिए शहीद के गृह ग्राम पंचायत मोहदा मे भूमिपुजन किया गया । मुख्य अतिथी युवा कांग्रेस बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा महासचिव यशवंत यादव जी, महेंद्रसिंह नागेश सरपंच ग्राम पंचायत मोहदा,नुतन मरकाम



पंच,हुमनसिंह नागेश सामाजिक कार्यकर्ता, शहीद के परिजन फागुराम फरस,मांगीबाई फरस,सेवनतीन फरस,तुकाराम फरस,रूपसिंह फरस,सुशीला बाई फरस, लक्ष्यराज फरस,खामसिंह फरस, ग्रामीण जन पालेश्वर दीवान,लाभाराम दीवान,नीराबाई दीवान,मनोहर दीवान,पंचराम नागेश,उगेश्वर दीवान,चिरंजीव मरकाम,रबेसिंह मरकाम,सुन्दर धुर्वा,कुशाराम यादव,भुनेश्वर मिश्रा,सहित ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

# दबंग थाना प्रभारी कुसुम गोयल ने अपहरण किया आरोपी को किया गिरफ्तार

## महिला ने कहा मेरे साथ किया दुष्कर्म एवं अपरहण,आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले के गोपालपुर से है जहां दिनांक 21.05.2023 को फरियादी दिनेश पुत्र ललईराम जाटव उम्र 40 साल निवासी ग्राम गोपालपुर थाना गोपालपुर जिला शिवपुरी ने उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मेरी भतीजी अपने बच्चे के साथ बिना बताये कहीं चले जाने संबंधी रिपोर्ट की एवं गांव के राजे उर्फ रज्जो खान पर संदेह जाहिर किया था उपरोक्त रिपोर्ट पर से गुम इन्सान क्र.05/23 कायम कर जांच में लिया गया एवं वरिष्ठ अधिकारीगणों को सूचना दी गई दौराने गुमइन्सान जांच श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान स्ष्ठ.ह्र.क्क महोदय पोहरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना गोपालपुर कुसुम गोयल को टीम गठित कर महिला की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी थाना गोपालपुर द्वारा टीम गठित कर गुमशुदा को दिनांक 05.06.02023 ग्वालियर रेलवे स्टेशन से दस्तयाब कर गुमशुदा के कथन लेखबध्द किये गये, गुमशुदा ने अपने कथन मे बताया कि आरोपी राजे उर्फ रज्जो खान पुत्र अकबर खान उम्र 23 साल निवासी ग्राम गोपालपुर द्वारा गुमशुदा को बुरी नियत से पीछा करना, जान से मारने की धमकी देना तथा जयपुर ले जाकर जबरदस्ती गलत काम (बलात्कार) करना बताया, पीडिता के कथन से आरोपी राजे उर्फ रज्जो खान पुत्र अकबर खान उम्र 23 साल निवासी गोपालपुर के विरुद्ध बलात्कार एवं एस.सी.एस.टी. एक्ट के तहत अपराध कायम कर दिनांक 05.06.2023 को आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना गोपालपुर से थाना प्रभारी कुसुम गोयल एवं उनकी टीम सउने राधाकृष्ण बंजारा, का, सउनि परमाल सिंह, प्र. आर. अशोक आदीन आर. प्रशांत गुर्जर, आर, विशाल कुशवाह, आर. अभिमन्यु यादव, आर रंजीत यादव की सराहनीय भूमिका रही ।

# घर में लगी आग,समान जलकर हुई खाक





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में तुवासमाल गांव में गरीब परिवार के मकान में लगी आग ने सब कुछ तबाह कर दिया। किसान चमार सिंह आज सुबह मवेशी चराने गया हुआ था,बेटी अंजना बाजार गई थी, बूढ़ी पत्नी अकेली घर में थी,तभी अचानक बिजली के तार से निकली चिंगारी ने मकान को चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग घर के कपड़े,अनाज ,पैसा के अलवा बेटी के शादी के लिए संजो कर रखे सारे सामना को खाक में तब्दील कर दिया,गरीब परिवार को इस आगजनी से 1,2 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। बेबस महिला आग बुझाने के नाकाम कोशिश में बुरी तरह से झुलस गई। घटना के बाद प्रशासन की टीम पहुंच यथा संभव मदद करने की बात कह रही है।

एक हफ्ते में दूसरी बार मना भाजपा बड़ा प्रवेश उत्सव*421 प्रमुख जनों ने किया भाजपा प्रवेश

# आदिवासी समाज के दिग्गज हुए भाजपा में शामिल,कांग्रेस के विदा होने का मुहूर्त आ गया है- साव

## बस्तर में परिवर्तन का नेतृत्व आप सब करेंगे- डॉ. रमन

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों के 421 विशिष्ट लोगों ने पार्टी प्रवेश किया। वैश्य समाज के 44 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। आदिवासी व अन्य समाज के 377 लोगों ने भाजपा को अपनाया। इनमें आदिवासी समाज में पकड़ रखने वाले राजनीतिक, सामाजिक संगठनों की दमदार हस्तियां भी शामिल हैं। गोंडवाना गोंड महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन मंत्री विकेश कुमार हिचामी, गोंडवाना समाज युवा प्रभाव बस्तर संभाग के संरक्षक भूपेंद्र दर्रो, गोंडवाना समाज कांकेर क्षेत्रीय अध्यक्ष विष्णु कावड़े, गोंडवाना समाज कांकेर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मण्डावी, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग कांकेर ब्लॉक उपाध्यक्ष चंद्रशेखर मण्डावी, गोंडवाना समाज धनेलीकन्हार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र मरकाम, सेवानिवृत्त एसडीएम पृथ्वीराज निर्मल भी शामिल हैं। वैश्य समाज की समाजसेवी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कान्यकुब्ज वैश्य राष्ट्रीय महासभा वैवाहिक कार्यक्रम अध्यक्ष बरखा सूरज गुप्ता व उनके साथी व छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन मंत्री मनोज गुप्ता भी शामिल हैं।बीते गुरुवार को छत्तीसगढ़ की जानी-मानी हस्तियों ने करीब साढ़े चार सौ साथियों-प्रशंसकों के साथ भाजपा प्रवेश किया था। भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुए भव्य समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा,वरिष्ठ नेता महावीर राठौर, कांकेर जिला प्रभारी यशवंत जैन ,महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी गणमान्य



लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का स्पष्ट संकेत मिल गया है। प्रदेश में कांग्रेस और उसकी सरकार की विदाई का मुहूर्त निकल गया है। जनता कांग्रेसी कुशासन और भ्रष्टाचार से पूरी तरह त्रस्त है और भाजपा पर भरोसा कर रही है।श्री साव ने कहा कि प्रदेश का जनमानस कांग्रेस से हताश, निराश और परेशान है। भाजपा की रीति-नीति, कार्यक्रमों और विचारधारा से प्रभावित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों व सुशासन ने गहराई से विश्वास कायम किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने वादाखिलाफी, घोटाले और भयंकर भ्रष्टाचार करके जनता को निराश किया है। प्रदेश में असुरक्षा और अविश्वास का माहौल है। अब कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने नव प्रवेशी भाजपा सदस्यों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि आज भाजपा के लिए ऐतिहासिक दिन है। गोंडवाना समाज के प्रमुख लोग भाजपा में आए हैं। आज आप उस पार्टी के सदस्य बने हैं, जिसके 18 करोड़ सदस्य हैं। आज आप उस पार्टी के सदस्य बने हैं, जिसके महान नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को बनाया।बस्तर में परिवर्तन का नेतृत्व करने वाले आप सब मेरे सामने बैठे हैं। भाजपा ने बस्तर से अंधेरा दूर करने का काम किया है।तेंदूपता के लिए नीति बनाने का काम, सड़क बनाने का काम, बस्तर को एजुकेशन हब बनाने का काम भाजपा ने किया। भूपेश बघेल की सरकार ने बस्तर का केवल शोषण किया है। कांग्रेस सरकार केवल घोटाले कर रही है।मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं।पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 के चुनाव के पहले 2003 के चुनाव के पहले जैसा वातावरण बन गया है। छत्तीसगढ़ की पहली कांग्रेस सरकार ने 2000 से 2003 तक भ्रष्टाचार और तानाशाही के अलावा कुछ नहीं किया। राज्य में विकास की एक ईंट तक नहीं रखी गई। पहले ही चुनाव में वह तानाशाही हुकूमत सड़क पर आ गई। जनता ने भाजपा को 15 साल छत्तीसगढ़ के विकास की जिम्मेदारी दी। आज छत्तीसगढ़ वहीं खड़ा है, जहां भाजपा की सरकार ने 2018 तक पहुंचाया था। जनता को झांसा देकर सत्ता में आई कांग्रेस ने एक धेले का विकास नहीं किया, बल्कि रिवर्स गियर लगा दिया। साढ़े चार साल में कांग्रेस सरकार ने तानाशाही और भ्रष्टाचार में अपनी तीन साल की पहली सरकार को मीलों पीछे छोड़ दिया है। जनता इसका जवाब देने तैयार है। इसका प्रमाण है कि हर क्षेत्र के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा की ताकत में लगातार वृद्धि हो रही है।भाजपा प्रवेश के अवसर पर गोंडवाना गोंड महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन मंत्री रहे विकेश हिचामी ने कहा कि कांग्रेस ने आदवासियों को केवल ठगा है। भाजपा ने आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्पति पद तक पहुंचाया।

सरकारी संरक्षण में चल रहे जुए सट्टे में जा रही युवाओं की जान

# ईडी पर रोज बोलने वाले भूपेश बघेल महादेव आईडी पर चुप क्यों हैं- मूणत

## वसूली के लिए और कितने नीचे गिरेगी एटीएम सरकार

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के गृह क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टे की वसूली को लेकर एक व्यक्ति की नृशंस हत्या का हवाला देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में यह क्या हो रहा है। कोल से लेकर शराब घोटाले तक, डीएमएफ की बंदरबांट से लेकर रेत माफिया तक सारे काले कारनामों को पालने पोसने वाली कांग्रेस सरकार में चल रहे जुए सट्टे में वसूली को लेकर आत्महत्याएं तो हो ही रही हैं, आये दिन मारपीट और फसाद चल रहे हैं अब क्रूरतम हत्या भी सामने आ गई। दुर्ग जिले के एसपी ने कबूल किया है कि भिलाई में ऑनलाइन सट्टे की आईडी के 5 लाख रुपये को लेकर हत्या हुई है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के गृह जिले के एसपी बता रहे हैं कि जिन्हें हिरासत में पूछताछ की है, उन्होंने ऑनलाइन सट्टा महादेव एप की आईडी को लेकर जानकारी दी है। अब ईडी की निष्पक्ष जांच को लेकर हर रोज सवाल उठाकर भ्रष्टाचारियों के प्रवक्ता बनने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बतायें कि यह महादेव एप की आईडी क्या है, जिसके अवैध धंधे का मुख्यालय उनके अपने जिले से हो रहा है। पूर्व मंत्री भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि भूपेश बघेल के राज में 26 हजार लोगों ने आत्महत्या की है।

## संपादकीय

# बेसब्र न हो मुस्लिम समाज

पिछले साल रामनवमी और हनुमान जयंती पर देश के अलग–अलग हिस्सों को साम्प्रदायिकता की आग में झुलसते हम सबने देखा था। अभी मई के महीने में फिर कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनसे मालूम होता है कि दो समुदायों के बीच नफरत की चिंगारी कभी भी, कैसे भी भड़काई जा सकती है।तेलंगाना के मेडक जिले के नरसापुर में एक रेस्तरां मालिक और गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने वाले शख्स के बीच हुई हल्की सी हाथापाई देखते ही देखते एक मजहबी वारदात में बदल गई। रेस्तरां मालिक था मोईनुद्दीन और डिलीवरी बॉय लिंगम, और ये नाम तिल का ताड़ बनाने के लिए काफी थे। स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष मुरली यादव और पार्षद राजेन्द्र – जिनका सम्बन्ध भाजपा से बताया जाता है, की अगुआई में भीड़ ने मोईनुद्दीन की जमकर पिटाई कर दी। अपनी मां के साथ बीच–बचाव करने आई मोईनुद्दीन की गर्भवती बहन को भी भीड़ ने नहीं बख्शा और उसका गर्भपात हो गया। नपा अध्यक्ष, पार्षद और बाकी बलवाइयों के खिलाफ तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन मोईनुद्दीन को जरूर जेल भेज दिया। दूसरी घटना महाराष्ट्र में औरंगाबाद के सिल्लोद में हुई, जहां सागर विट्ठल वानखेड़े नामक एक शख्स को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया क्योंकि उसने सोशल मीडिया पर अपने प्रोफाइल पिक्चर में ऐसी तस्वीर लगाई थी जिसमें औरंगजेब जमीन पर पड़ा है और शिवाजी का एक पैर उसके ऊपर है। अमीर शौकत शाह नाम के एक शख्स ने मुसलमानों की भावनाएं आहत करने का आरोप लगाते हुए सागर के खिलाफ मामला दर्ज करवाने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो शिंदे गुट की शिवसेना के विधायक अब्दुल सत्तार ने दखल दिया और पुलिस को अंततरू सागर के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी। हालांकि बाद में सागर को गिरफ्तार करने वाले पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया गया। तीसरी घटना मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में घटी। यहां डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे भावेश सुनहरे को मुस्लिम महिला मित्र के साथ घूमते देख मुसलमान युवकों ने घेर लिया और उसके साथ मारपीट की, उसकी मित्र को भी इस्लाम को लेकर भाषण पिलाया गया। जो लोग बीच बचाव करने आए, उन्हें चाकुओं के वार झेलने पड़े। इससे कुछ ही दिन पहले इसी शहर के अल्पसंख्यक बहुल इलाके में द केरला स्टोरी फिल्म के विरोध में या कहें कि उसके जवाब में बेनामी पोस्टर लगाए गए थे जिनमें मुस्लिम लड़कियों से भगवा लव ट्रैप में न फंसने की अपील की गई थी और हिंदू संगठनों से सावधान रहने को भी कहा गया था। गनीमत है कि दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ लिया गया है। इन सभी घटनाओं में एक बात साफ है कि इनमें बेवजह बात का बतंगड़ बनाया गया। मेडक में जिस मामूली से विवाद को समझा बुझाकर शांत करवाया जा सकता था, उसे जान बूझकर भड़काने और उसकी आंच पर राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश की गई। सिल्लोद का प्रसंग तो हास्यास्पद है और आश्चर्यजनक भी। आखिर आज के मुसलमान को औरंगजेब से क्या लेना–देना है जो एक तस्वीर से उसकी भावनाएं आहत हुई जा रही हैं। और ऐसे मामले में विधायक महोदय की दखलंदाजी समझ से परे है, खास तौर से तब जब वे अपनी पार्टी की विचारधारा को अच्छी तरह जानते–समझते हैं। वे भलीभांति जानते होंगे कि उनकी पार्टी और सरकार उनके ऐसे क्रियाकलाप से कभी सहमत नहीं होगी। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की घटनाओं में यह भी नजर आ रहा है कि मुस्लिम समुदाय – जिसने हाल के ज्यादातर मामलों में बहुत समझदारी दिखाई, भड़काऊ बातों पर प्रतिक्रिया नहीं दी, उलटे हिन्दुओं के धार्मिक आयोजनों में फूल बरसाकर, शरबत पिलाकर अपनी तरफ से सद्भाव जताने की कोशिश की, अब शायद अपना सब्र खोने लगा है। लेकिन अगर वह किसी तस्वीर को मुद्दा बनाने की कोशिश करके, किसी फिल्म का जवाब आपत्तिजनक पोस्टरों से देकर या अपने समाज की लड़की के गैर मुस्लिम लड़के से दोस्ती पर ऐतराज करके अपनी बेचैनी का इजहार कर रहा है तो कहना होगा कि ये तरीके कतई ठीक नहीं हैं। नफरत का जवाब नफरत से देना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा।

# अन्न–धन की रक्षा

एजेन्सी

> केंद्रीय सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालयी समिति योजना के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी। निश्चित रूप से इस योजना के क्रियान्वयन से हर साल बर्बाद होने वाला लाखों टन अनाज बचाया जा सकेगा।

सीमित भौगोलिक क्षेत्र और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आने वाले समय के लिये अनाज के एक–एक दाने की रक्षा करनी होगी। वह भी ऐसे में जब किसान का खेती से मोहभंग हो रहा है। वहीं दूसरी ओर जब विकास कार्यों तथा आवासीय–कारोबारी निर्माण के लिये बड़े पैमाने पर कृषि भूमि का उपयोग हो रहा है, भंडारण क्षमता बढ़ाना जरूरी हो जाता है। रूस–यूक्रेन युद्ध से बाधित हुई खाद्यान्न आपूर्ति शृंखला के चलते दुनिया के तमाम देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आये अप्रत्याशित बदलाव से अनाज की गुणवत्ता और मात्रा पर असर होने लगा है। किसी संप्रभु राष्ट्र के लिये खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता अपरिहार्य ही है। ऐसे में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा बुधवार को लिये गये उस फैसले की सराहना की जानी चाहिए, जिसमें सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दी गई है। जिसके अंतर्गत



अन्नदाता के उत्पादों को बचाने के लिये ब्लॉक स्तर पर पांच सौ से दो हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिये अंतर मंत्रालयी समिति के गठन को भी हरी झंडी मिली है। निश्चय ही यह देर से उठाया गया दुरुस्त कदम है। निश्चय ही देश में मौजूदा 1450 लाख टन की भंडारण क्षमता को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि अगले पांच सालों में 700 लाख टन भंडारण क्षमता और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत दुनिया के सर्वाधिक अन्न उत्पादक देशों में गिना जाता है, लेकिन उसकी भंडारण क्षमता अन्य विकसित देशों के मुकाबले बेहद कम रही है। जिससे किसान को फसल तैयार होने के तुरंत बाद मंडियों में अनाज बेचने जाना पड़ता है। भंडारण क्षमता न होने के कारण किसान को औने–पौने दामों में अपने उत्पाद बेचने पड़ते हैं। यही वजह है कि भरपूर फसल उत्पादन के बावजूद उसे घाटा उठाना पड़ता है क्योंकि आपूर्ति बढ़ने से उत्पादों के दाम गिर जाते हैं।वैसे शुरुआत में सहकारिता मंत्रालय देश के केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों के दस जिलों में इसकी पायलट योजना शुरू करेगा। जिससे हासिल अनुभव का लाभ शेष देश को दिया जा सकेगा, साथ ही योजना की खामियों को दूर किया जा सकेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालयी समिति योजना के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी। निश्चित रूप से इस योजना के क्रियान्वयन से हर साल बर्बाद होने वाला लाखों टन अनाज बचाया जा सकेगा। वह अनाज भी, जो आंधी, तूफान व बारिश में मंडियों में बर्बाद होता रहा है। यदि किसान अनाज को गोदामों में रोकने की स्थिति में होगा तो वह बाजार की जरूरत के हिसाब से ऊंचे दामों में अपने उत्पाद बेच सकेगा। इतना ही नहीं, किसान गोदाम में रखे उत्पाद के मूल्य के सत्तर फीसदी के बराबर कर्ज लेकर अगली फसल की तैयारी भी कर सकेगा। विडंबना ही है कि इस लाभकारी योजना को नीति–नियंताओं की अदूरदर्शिता के चलते आजादी के सात दशक बाद क्रियान्वित किया जा रहा है। जरूरी है कि देश की अन्न भंडारण क्षमता उत्पादन से अधिक होनी चाहिए। कोरोना काल के सबक हमें याद रखने चाहिए कि इसके बाद के वर्षों में लगातार अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज तभी दिया जा सका क्योंकि हमारे देश में अनाज का पर्याप्त बफर स्टॉक था। ऐसी महामारियां भविष्य में आ सकती हैं, जिससे मुकाबले के लिये पर्याप्त अनाज भंडारण अनिवार्य है। निश्चित रूप से अब तक कुल उत्पादन की 47 फीसदी भंडारण क्षमता में इस योजना से पर्याप्त वृद्धि की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि इसके क्रियान्वयन के लिये कृषि और किसान कल्याण, उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण, खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालयों की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना को मूर्त रूप दिया गया है।

# लद्दाख सीमा : कलाकार चीन

आदित्य नारायण

पिछले तीन वर्ष पहले इन्हीं दिनों में लद्दाख की सीमा में किये गये चीनी अतिक्रमण के जवाब में भारत लगातार जिस तरह सब्र का परिचय देते हुए चीन को वार्ता की मेज पर लाकर उसे जवाब देने का प्रयास सैनिक व कूटनीतिक माध्यमों से कर रहा है, उसका असर चीन पर बस इतना हो रहा है कि वह हर वार्ता के बाद भारतीय क्षेत्रों से थोड़ा पीछे हटता है और फिर एंठ दिखाने लगाता है। चीन जून 2020 में लद्दाख के सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण करके जो गुस्ताखी की थी उसमें भारत के 20 वीर जवान शहीद हुए थे। हालांकि उनकी शहादत का हिसाब उसी वक्त चुकता कर दिया गया था मगर इससे यह नतीजा तो निकल ही गया था कि



चीन की मंशा भारत के सीमा क्षेत्रों पर कब्जा करने की है। चीन ऐसी मंशा तब जाहिर कर रहा है जब 90 के दशक में दोनों देशों के बीच की वास्तविक नियन्त्रण रेखा पर पूर्ण शान्ति व चैन करने के बारे में कई समझौते हो चुके हैं। चीन लगातार इन समझौतों को ताक पर रखकर अपनी मनमानी इसके बाद भी करता रहा है और बार–बार यह दलील देता रहा है कि कोई स्पष्ट अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा होने की वजह से उसके सैनिक अपनी अवधारणा के अनुसार अतिक्रमण कर बैठते हैं। जबकि हकीकत ऐसी नहीं है। 1962 के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच वास्तविक नियन्त्रण रेखा खिंच गई थी। हालांकि तब के प्रधानमन्त्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने इसे चीन की इकतरफा कार्रवाई ही माना था क्योंकि पं. नेहरू मानते थे कि 1914 में भारत–तिब्बत व चीन के बीच घखिंची मैकमोहन लाइन ही अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा हो सकती है परन्तु चीन ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया और 1914 में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत के शिमला में बैठ कर इन तीन देशों की बैठक में जो मैकमोहन लाइन तय की थी उसी बैठक का चीन ने यह कहते हुए बहिष्कार कर दिया था कि तिब्बत कोई स्वतन्त्र देश नहीं है और वह चीन का ही अंग है। पं. नेहरू ने चीन की यह दलील जीते–जी कभी स्वीकार नहीं की और 1959 में चीन द्वारा तिब्बत को कब्जाने के बाद उन्होंने इस देश के नेता दलाई लामा को भारत में अपनी निर्वासित सरकार गठित करने की अनुमति दी। इसके बाद से 2003 तक भारत का रुख तिब्बत को लेकर यही रहा परन्तु 2003 में केन्द्र की वाजपेयी सरकार ने तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार कर लिया और बदले में चीन ने सिक्किम को भारत का अंग कबूल कर लिया परन्तु इसके तुरन्त बाद चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जताना शुरू कर दिया। तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार करके भारत के हाथ से कूटनीतिक अस्त्र निकल चुका था जो अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ चीन की मंसूबा बन्दी को तार–तार करने की कूव्वत रखता था। अगर गौर से देखें तो इसके बाद 2004 में केन्द्र में गठित मनमोहन सरकार ने वाजपेयी द्वारा छोड़ी गई विरासत में इस प्रकार संशोधन करना चाहा जिससे सांप भी मर जाये और लाठी न टूटे। इस नीति के निर्माता उस समय के मनमोहन सरकार के रक्षा मन्त्री स्व. प्रणव मुखर्जी थे। उन्होंने वाजपेयी सरकार द्वारा दोनों देशों के बीच सीमा विवाद हल के लिए प्रस्तावित उच्च वार्ता तन्त्र गठित करने के मसौदे को आगे बढ़ाया और इसका गठन किया जिसमें भारत की ओर से इसके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और चीन की ओर से समकक्ष मन्त्री को होना था। प्रणव दा ने इस वार्ता तन्त्र में बहुत ही खूबी के साथ यह शर्त भी रखवा दी कि सीमा क्षेत्रों में जिस इलाके में जिस देश का शासन होगा वह क्षेत्र उसी का माना जायेगा। इस वार्ता तन्त्र की अभी तक 18 बैठकें हो चुकी हैं मगर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है क्योंकि चीन ने इस बीच लद्दाख में नया मोर्चा खोल रखा है। भारत इस मोर्चे पर उलझा हुआ है और वह चीन को रक्षामन्त्री श्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में ऐसा सबक सिखाने की राह पर आगे बढ़ना चाहता है कि भारत की आने वाली पीढ़ियां चीन की तरफ से बेफिक्र हो सकें। जब से जून 2020 में लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं की झड़प हुई है तब से लेकर अब तक उच्च सैनिक स्तर की 28 द्विपक्षीय वार्ताएं हो चुकी हैं और श्री सिंह के निर्देशन में भारतीय सेनाओं को इस मोर्चे पर यह सफलता मिली है कि चीन कब्जाये गये इलाके से पीछे हट रहा है। मगर इसके बावजूद चीन भारतीय क्षेत्रों में ही उदासीन भूमि का इलाका बना रहा है जिसे नो मन्स लैंड कहते हैं। श्री सिंह को यह कवाई मंजूर नहीं है, इसीलिए उन्होंने पिछले महीने भारत में होने वाले शंघाई सहयोग सम्मेलन के सिलसिले में आये चीनी रक्षा मन्त्री से बेबाक तरीके से कह दिया कि जब तक सीमा पर चीन के रवैये में परिवर्तन नहीं होता तब तक दोनों देशों के बीच सम्बन्ध सामान्य नहीं हो सकते। राजनाथ सिंह ही ऐसी दो टूक बात चीन के रक्षामन्त्री से कह सकते थे जिससे विदेश मन्त्री एस. जयशंकर को चीन से कूटनीतिक वार्ता करते समय न केवल सुविधा हो बल्कि उनका हाथ भी ऊंचा रहे। मगर चीन की कलाकारी देखिये कि नई दिल्ली में उसने वास्तविक नियन्त्रण रेखा की लद्दाख में स्थिति के बारे में हुई बैठक में फैसला किया कि हल निकालने के लिए सैनिक स्तर की एक और बैठक हो।




मेष :– विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी–व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

वृषभ :– मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

मिथुन :– आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ–साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्क :– शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद–विवाद से दूर रहें।

सिंह :– आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्या :– नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला :– लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिक :– आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

धनु रू बौद्धिक, तार्किक, विचार–विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान–सम्मान मिलेगा।

मकर :– आज से आपके व्यापार–धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन–देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख– शांति का माहौल रहेगा।

कुंभ :– आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट–दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

मीन :– शारीरिक– मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद–विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# योगी भाजपा के 'पोलिटीकल डायमंड'

एजेन्सी

> कुल सीटों का लगभग 15 फीसदी, कहने का मतलब उत्तर प्रदेश में जो पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी, केन्द्र में उसी की सरकार बनने की सम्भावनाएं प्रबल हो जाती हैं। भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश का बहुत महत्व है।

उत्तर प्रदेश भारतीय राजनीति की धुरी है। इतिहास का अवलोकन करें तो पिछले 75 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने देश को नई दिशाएं दी हैं। दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। लोकसभा की 552 सीटें हैं, इनमें से 530 सांसदों का चुनाव होता है। इनमें से 80 सीटें केवल उत्तर प्रदेश में हैं। कुल सीटों का लगभग 15 फीसदी, कहने का मतलब उत्तर प्रदेश में जो पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी, केन्द्र में उसी की सरकार बनने की सम्भावनाएं प्रबल हो जाती है। भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश का बहुत महत्व है, क्योंकि 2014 और 2019 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाने का मार्ग उत्तर प्रदेश ने ही प्रशस्त किया था। 2014 के चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को 80 में से 73 सीटें मिली थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा और सहयोगी दलों को 64 सीटों पर संतोषघ्करना पड़ा था, जबकि सपा, बसपा और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन को 16 सीटें मिली थीं। अब देश में अगले लोकसभा चुनाव के लिए एक वर्ष का समय बचा है और भाजपा बड़ी तैयारियों में जुट गई है और उसके अभियान का फोकस मिशन यूपी पर है। मिशन यूपी के लिए केन्द्रीय नेताओं की टीमें बना दी गई है लेकिन भाजपा की निर्भरता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर ही रहेगी। दरअसल योगी भाजपा का ऐसा चेहरा बन गए है जिनका कोई सानी नहीं है। वे भाजपा के स्टार प्रचारक हो चुके है। हर राज्य के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार उनकी रैलियों की मांग करते है। जिस तरह से नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर 'पोलिटिक्स डायमंड' साबित हुए उसी तरह योगी अब भाजपा के 'पोलिटिक्ल डायमंड' बन चुके है। उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की जनता के बीच भी उनकी विश्वसनीयता बढ़ी है। जनता के बीच यह जुमला काफी लोकप्रिय हो चुका है–''कुछ लोग पूछते है यूपी में का बा,अरे उत्तर प्रदेश में बाबा–बाबा।''उत्तर प्रदेश में जिस ढंग से अपराधों में कमी आई है, माफिया का आतंक खत्म हुआ है और कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है, उसकी गवाही एनसीआरबी के आंकड़े दे रहे है। कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार होते ही उत्तर प्रदेश निवेशकों का आकर्षक स्थल बन गया है। कभी एक भीघ्निवेशक उत्तर प्रदेश में नहीं आता था। अब राज्य को 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। योगी सरकार ने अपराधियों, माफियाओं पर बुलडोजर चलाकर कार्यवाही की नई नजीर पेश की और बाबा का बुलडोजर अब अन्य राज्य भी इस्तेमाल करने लगे हैं। उत्तर प्रदेश आज एक्सप्रैस–वे, पेंशन योजना, पीएम आवास, गन्ना भुगतान, औद्योगिक विकास, डीबीटी के माध्यम से भुगतान, सभी में उत्तर प्रदेश नम्बर 1, हर गरीब के घर में शौचालय बनाने में नम्बर 1, पीएम आवास में शहरी ग्रामीण क्षेत्र में नम्बर 1, पीएम जनधन अकाउंट में नम्बर 1, जिनके बैंक अकाउंट नहीं खुल पाए थे, वे अब 8 करोड़ 51 लाख खाताधारक हैं। इन सब के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने 2024 के चुनाव का रोडमैप तैयार कर लिया है।पहले हिमाचल और अब कर्नाटक में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। आने वाले महीनों में राजस्थान और मध्य प्रदेश के भी चुनाव होने है। ऐसी स्थिति में भाजपा की सारी उम्मीदें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिक गई है। पिछले साल योगी आदित्यनाथ नेघ्विधानसभा चुनावों में भाजपा गठबंधन को 273 सीटें दिलाई। वह भी किसी करिश्मे से कम नहीं थीं। उस समय कोरोना महामारी और किसान आंदोलन की छाया भी थी और इस वर्ष स्थानीय निकाय चुनावों में भी भाजपा ने अपना परचम लहरा दिया है। उत्तर प्रदेश के सभी बड़े शहरों में भाजपा के महापौर पद सम्भाल चुके है। 2024 में भी उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा मुद्दा योगी आदित्यनाथ का कामकाज ही होगा। इन सब वजहों के चलते आगामी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा को लगातार तीसरी बार केन्द्र की सत्ता में लाने के लिए उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। राष्ट्रवाद हो या राष्ट्रीय सुरक्षा हिन्दुत्व की गूंज हो या जातीय समीकरणों का खेल, आने वाले चुनाव में भाजपा इन सबको अपना राजनीतिक हथियार बनाएगी ही। उत्तर प्रदेश में विपक्ष के एकजुट होने की सम्भावनाएं फिलहाल नजर नहीं आ रही। उत्तर प्रदेश में हर कोई अपना दांव चलने को तैयार है। फिलहाल एक अकेले योगी सब पर भारी नजर आते है। सबकी निगाहें उन पर टिकी हुई है।

भारत महान था, है और रहेगा: बाला सुंदरम

# योग समाज को समरस बनाता है: चाकणकर

## बालक थाटीपुर में समर कैंप का समापन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। इतने सारे लोग अलग-अलग धर्म और अलग अलग संस्कृति के साथ अलग-अलग बात विचार और व्यवहार रखते है, मगर सब एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते है जिस वजह से मेरा देश महान था, महान है और रहेगा।।उपरोक्त उदगार प्रसिद्ध वैज्ञानिक बाला सुंदरम ने शासकीय उमावि बालक थाटीपुर में आयोजित समर कैंप के समापन के दौरान व्यक्त किए। श्री बाला सुंदरम ने कहा कि योग और आयुर्वेद का जन्मदाता भी भारत को माना जाता है। महर्षि पतंजलि द्वारा योग को बढ़ावा दिया गया और आज भारत की ही ताकत है विश्व स्तर पर योग प्रमाणिकता हासिल हुई और 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है।जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कियोग व्यक्ति को अनुशासित, विवेकी और कर्मठ बनाता है। इसका मूल उद्देश्य समाज को समरस बनाकर समाज और राष्ट्र की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करना है। योग पंथ या संप्रदाय केंद्रित नहीं है, बल्कि यह समस्त प्राणियों और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की सीख देता है।श्री चाकणकर ने कहा कि वेदों, उपनिषदों, स्मृतियों, पुराणों आदि में योग दर्शन के विस्तृत आयामों का वर्णन है। वैदिक काल में योग का महत्व शीर्ष पर था। रामायण और महाभारत आदि धर्मग्रंथों में योग के बारे में बताया गया है। जैन और बौद्ध धर्म में भी योग की विभिन्न शाखाओं के बारे में बताया गया है, जो वेदों और उपनिषदों से प्रेरित हैं।जिला क्रीड़ा अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि योग से हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करेंगे तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। इससे पूर्व छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना तथा शिव तांडव पर रिदमिक योगा की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। ।इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गिरीश जी, योग प्रशिक्षण केंद्र भोपाल के प्रशिक्षक श्री देवीदयाल भारती, संभागीय नोडल अधिकारी महेंद्रपाल बरैया, विकासखंड योग प्रभारी अरुण शर्मा, डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर, राजनारायण शर्मा,कृष्णपाल सिंह यादव, योग प्रशिक्षक आरबी गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक अनंत पांडे, विमला पांडे सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड योग प्रभारी गोविंद मेहरोत्रा ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य केपी नायक द्वारा किया गया।इस अवसर पर संभागीय नोडल अधिकारी महेंद्रपाल बरैया ने सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट देने की घोषणा की। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## हर मनुष्य को जीवन में एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए: गोविंद भैया

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिले के महामंत्री एवं मध्य प्रदेश युवा संगठन के संस्थापक गोविंद भैया परिहार ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में संपूर्ण भांडेर विधानसभा में वृक्षारोपण अभियान चलाया7 जिसके अंतर्गत ग्राम सोफ्ता की सुरभि गौशाला में करीब 21 पौधे लगाए गए इसके साथ साथ ग्राम बसवा, दुर्साडा, खिरिया आदि में ग्रामों निशुल्क पौधे वितरण का कार्यक्रम किया और लोगों को जागरूक किया कि जीवन में एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए क्योंकि यह प्रकृति ही है जो हमको देना सिखाती है7 अगर पेड़ होंगे तो हम होंगे क्योंकि धीरे-धीरे पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है इसलिए जो वातावरण है वह गर्म और दूषित होता जा रहा है हम लोगों को अभी



चेतना नहीं आई तो आने वाला समय बहुत भयंकर होगा7 गोविंद भैया परिहार ने बताया कि उनका लक्ष्य एक लाख वृक्षारोपण अभियान जो विगत 4 वर्षों से जारी है उसके तहत उन्होंने अभी तक करीब ग्वालियर चंबल संभाग में 5000 पेड़ लगा चुके हैं7 इसी क्रम में उन्होंने बताया कि जुलाई और अगस्त के माह में प्रत्येक दिन पौधारोपण अभियान का कार्यक्रम चला जाएगा7 आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में करीब 101 वृक्ष का निशुल्क वितरण एवं पेड़ पौधे लगाए गए7 इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्राण सिंह लल्ला यादव, भांडेर मंडल के मंत्री शिवचरण परिहार, भाजपा झुग्गी झोपड़ी के प्रकोष्ठ के संयोजक जिला रवि नामदेव, कुशवाहा समाज के जिले के महामंत्री अतर सिंह कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पंडा, किसान मोर्चा के महामंत्री मंडल महेंद्र सिंह चौहान, अवधेश पाल, मुकेश शर्मा, अतुल यादव, मातादीन अहिरवार आदि थे7

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण देने महाराज बाड़े से निकली विशाल रैली

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और भारत विकास परिषद द्वारा नगर निगम के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस पर विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को महाराजबाड़ा से सांसद विवेक नारायण शेलकर, बीज एवं फॉर्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल व नगर निगम कमिश्नर हर्ष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के हृदय स्थल से शुरू हुई इस रैली में आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण की रक्षा के प्रति



जागरूक किया। यह रैली महाराज बाड़ा से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, राम मंदिर, ऊँट पुल व ओल्ड हाई कोर्ट होते हुए फ्लैग पॉइंट पहुँची और यहीं पर रैली का समापन हुआ। यहां पर नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों को शॉल एवं तुलसी का पौधा सौंपकर सम्मानित किया गया। रैली में सामाजिक संगठन, पर्यावरण प्रेमी, एनसीसी के क्रेडिट और भारत विकास परिषद की सभी शाखाओं के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर विनोद गर्ग, अनूप अग्रवाल, संजय धवन, ओमप्रकाश शर्मा, पवन कुमार सेन, डॉ ज्योति गुप्ता, राजकुमार गर्ग व अशोक कुमार चौहान सहित भारत विकास परिषद के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन समन्वय अध्यक्ष सुश्री प्रिया तोमर ने किया।

## लाड़ली बहना योजना से महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय जुड़ा है :भारत सिंह




ग्वालियर 7 प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के जरिए महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार ने बेटियों के जन्म से लेकर पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई, विवाह और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रभावी योजनाओं को मूर्तरूप दिया है। इसी दिशा में सरकार ने क्रांतिकारी ÷मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना÷ शुरू की है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। मंत्री कुशवाह सोमवार को शहर के विभिन्न वार्डों में लाड़ली बहनाओं को स्वीकृति पत्र सौंपने पहुँचे थे।

राज्य मंत्री कुशवाह ने हाथी खाना क्षेत्र में आयोजित हुए कार्यक्रम में छावनी क्षेत्र मुरार के चार वार्डों की विभिन्न बस्तियों में निवासरत लगभग साढ़े 5 हजार बहनों को स्वीकृति पत्र सौंपे। इसके बाद उन्होंने ग्वालियर नगर निगम के वार्ड-66 के अंतर्गत नागौर व तुरारी व वार्ड-63 की विभिन्न बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों के जरिए लाड़ली बहनाओं को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज की सभी वर्ग की महिलाओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है। सरकार इस योजना में पंजीकृत सभी महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा इस योजना के माध्यम से सरकार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक और प्रभावी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आयोजित हुए स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम में स्थानीय प्रबुद्ध जन, बड़ी संख्या में लाड़ली बहनाएँ एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

## सिरोल पहाड़ी पर सिटी फॉरेस्ट में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ वृहद वृक्षारोपण



ग्वालियर 7 शहर के भीतर सिरोल पहाड़ी पर विकसित किए जा रहे सिटी फॉरेस्ट परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की पहल पर जिला प्रशासन, वन व स्कूल शिक्षा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शहर के पर्यावरण प्रेमियों की भागीदारी से यह सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर सिरोल पहाड़ी पर आयोजित हुए सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में शहर के विद्यालयों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने पर्यावरण पर केन्द्रित आकर्षक सुंदर व आकर्षक कलाकृतियाँ व चित्र उकेरकर मिशन लाईफ और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वयं सेवी संस्थाओं एवं विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिये लगभग एक सैंकड़ा सकोरे वृक्षों पर लटकाए। साथ ही झाड़ू लगाकर परिसर को साफ-सुथरा किया। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण दीपक कुमार पाण्डेय, जीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा, रामकृष्ण आश्रम के स्वामी सुदीप्तानंदजी, उप वन मंडलाधिकारी राजीव कौशल, अथ फाउण्डेश से डॉ. देनेव्द्र दांगी एवं जिला नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग आई ए जैदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आकाशवरणी ग्वालियर की उदघोषिका सुश्री स्मिता दुबे व सुश्री विजयलता पाराशर ने किया।

## मुख्यमंत्री चौहान 6 जून को ग्वालियर प्रवास पर



ग्वालियर7 मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 जून को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। मुख्यमंत्री इस दिन सायंकाल लगभग 6 बजे विमान द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री चौहान ग्वालियर प्रवास के दौरान मेला मैदान पहुँचकर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की सुपुत्री के विवाह समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री चौहान ग्वालियर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रात्रि 9 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुंचकर वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री सिलावट 6 जून को ग्वालियर आयेंगे जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट 6 जून को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। मंत्री सिलावट इस दिन प्रातःकाल लगभग पौने 8 बजे रतलाम ग्वालियर स्पेशल ट्रेन से ग्वालियर रेलवे स्टेशन पहुँचेंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरान मंत्री सिलावट विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## कांग्रेस प्रवक्ता सौरभ सिंह तोमर ने 11 पौधों का रोपण किया



प्रकृति की पूजा हमारी प्राचीन सभ्यता का अभिन्न अंग है। वेद हों, उपनिषद हों, पर्यावरण का महत्व इन सभी शास्त्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है और आज, विश्व पर्यावरण दिवस पर, बीआईसी क्लब बिड़ला नगर मैं कांग्रेस प्रवक्ता सौरभ सिंह तोमर ने 11 पौधों का वृक्षारोपण किया एवं सभी लोगों ने प्रतिज्ञा भी ली कि हम वृक्ष लगाने के साथ-साथ उनको रोज सुबह-शाम पानी देने का भी कार्य करेंगे। इस क्लब को सफलतापूर्वक चलाने वाले अर्जुन सिंह तोमर, मिथुन लोधी एवं सभी विद्वान लोगों के सानिध्य में यह कार्य पूर्ण हुआ। और आइए प्रतिज्ञा करें कि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे और धरती माँ की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में धर्मेंद्र वर्मा, योगेंद्र सिंह सेंगर, ओंकार सिंह राठौर, उमेश सिंह राजावत, सतेंद्र सिंह सेंगर, राकेश तोमर, राजेश चौहान, कपिल चौहान एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## बजरंग भक्त मंडल एवं कोटेश्वर महादेव गौसेवा समिति ने की 1600 किलो चारे की गौभोग सेवा

बजरंग भक्त मंडल द्वारा विगत लगभग 4 वर्षों से निरंतर की जा रही गौसेवा के क्रम में रविवारको मार्क हॉस्पिटल गौशाला, गोला का मंदिर ग्वालियर पर 600 किलो एवं कोटेश्वर महादेव गौसेवा समिति द्वारा 1000 किलो कुल 1600 किलो हरे चारे की सेवा संयुक्त रूप से की गई।* 1000 किलो हरे चारे की सेवा राधे राधे,बरसाने बरसाने द्वारा कोटेश्वर महादेव गौसेवा समिति के माध्यम से एवं133 किलो की सेवा गुप्तरूप से सहयोग*116 किलो की सेवा श्रीमती पूनम अग्रवाल जी द्वारा*100 किलो की सेवा हिमांशु बघेल जी द्वारा*66 किलो की सेवा अंकुश कोटिया जी द्वारा*66 किलो की सेवा सतीश शर्मा जी द्वारा*50 किलो की सेवा अमित अग्रवाल जी घास मंडी वालो द्वारा*50 किलो की सेवा भरत गर्ग जी द्वाराकुल लगभग 600 किलो हरे चारे की सेवा बजरंग भक्त मंडल के सदस्यों एवं एवं 1000 किलो हरे चारे की सेवा श्री कोटेश्वर महादेव गौसेवा समिति के गौसेवक सदस्यों के सहयोग से की गई।

## रेल्वे स्टेशन पर पहुंची स्वयं सेविकाओ ने यात्रियों को भीषण गर्मी में पिलाया ठंडा पानी



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-शहर के कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओ द्वारा इस भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने हेतु स्टेशन पर जल सेवा का कार्य किया गया ल।जिसके द्वारा उन्होंने लोगों को ठंडा पानी पिलाया और उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत देने का नेक कार्य किया।जिसके लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला, कृष्णा सिंह और डॉ संगीता सोमवंशी का पूर्ण सहयोग रहा।कार्यक्रम में आंचल कुशवाह,दिव्या माहोर, रितिका चौरसिया,सोनाली बत्रा,हर्षिता और नीतू ने जल सेवा की।



प्लास्टिक हटाओ वृक्ष लगाओ-धरती की हरियाली बढ़ाओ

## कमला राजा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर- दिनांक 05 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम के साथ कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा इस्तेमाल सब्जियां और फलों जैसे आम,कद्दू, अमरूद,जामुन नीम इत्यादि के बीजों की सीड बॉल्स बनाकर छात्राओं में वितरित की गई।जिससे छात्राएं वर्षा ऋतु आने पर सीड बॉल को अपनी सुविधा अनुसार मिट्टी में दबा दे और सीजन आने पर वह सीड बॉल पौधे का आकार ले सके।जिसके बाद






छात्राओं हेतु व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें महाविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक डॉ.आनंद सिंह द्वारा छात्राओं को पर्यावरण का संरक्षण करने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और,प्लास्टिक का प्रयोग ना करने के लिए सुझाव दिए और कपड़े,कागज के थैले का प्रयोग करने और वातावरण को किस प्रकार सुरक्षित व स्वच्छ रखा जाए से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्लास्टिक का प्रयोग मनुष्य के साथ साथ संपूर्ण प्रकृति के लिए विनाशकारी बन रही है।इस अवसर पर छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला द्वारा किया गया और आभार व्यक्त स्वयंसेविका आंचल द्वारा किया गया।इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्य भी किया जिसमें उन्होंने नीम, पीपल, हरसिंगार,सदाबहार इत्यादि के पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण के कार्य को संपन्न कर सभी से पेड़ लगाने का आव्हान किया।छात्राओं ने अपने घरों में भी पौधों का रोपण किया प्रकृति के सौन्दर्य बढ़ाने में योगदान दिया।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम आर कौशल और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम में स्वयं सेविकाओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478